● जयपुर, रविवार, 23 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 295 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार
''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 अवैध बजरी से जुड़ी खबर छापने पर कलमकार को खुलेआम दे डाली...
पेज @5 मलाइका ने ओलंपिको को दिया जबाब, बोली मैं जो भी हूं....
पेज @8 » कांग्रेसी नेता और डोटासरा सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के...

न्यूज़ अपडेट

## नहीं रहे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करवाने वाले पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित



**अयोध्या/एजेंसी।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करवाने वाले पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित का निधन हो गया है। लक्ष्मीकांत दीक्षित (86 वर्षीय) लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। लक्ष्मीकांत दीक्षित वाराणसी के मीरघाट स्थित सांगवेद महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य थे। इस विश्वविद्यालय की स्थापना काशी नरेश के सहयोग से की गई थी। आचार्य लक्ष्मीकांत की गिनती काशी में यजुर्वेद के बड़े विद्वानों में होती थी।

## किसानों को बड़ा तोहफा, सरकार ने माफ किया 2 लाख रुपए तक का कर्ज

**नई दिल्ली/एजेंसी।** तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार ने किसानों का 2 लाख रुपए तक का कर्ज माफ करने का फैसला किया है। कैबिनेट के फैसले की मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने खुद घोषणा की। तेलंगाना में किसानों का कर्ज माफ करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। उन्होंने तेलंगाना के अन्नदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि जो कहा वो करके दिखाया, यही नीयत है और आदत भी।
राहुल गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, तेलंगाना के किसान परिवारों को बधाई। कांग्रेस सरकार ने आपके 2 लाख रू तक के सभी ऋण माफ कर 'किसान न्याय' के संकल्प को पूरा करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है झ जो 40 लाख से ज्यादा किसान परिवारों को कर्ज मुक्त बनाएगा। जो कहा, करके दिखाया झ यही नीयत है और आदत भी।
उन्होंने आगे लिखा, कांग्रेस सरकार का मतलब है झ राज्य का खजाना किसानों और मजदूरों समेत वंचित समाज को मजबूत बनाने में खर्च होने की गारंटी, जिसका उदाहरण है तेलंगाना सरकार का यह फैसला। हमारा वादा है -कांग्रेस जहां भी सरकार में होगी, हिंदुस्तान का धन 'हिंदुस्तानियों' पर खर्च करेगी, 'पूंजीपतियों' पर नहीं।



## गुरुग्रामः फैक्ट्री में बॉयलर फटने से भीषण विस्फोट

# नौ लोगों की मौत, कई मलबे में दबे

**गुरुग्राम /एजेंसी।**

गुरुग्राम के दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में संचालित एक फैक्ट्री में शनिवार सुबह जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके में नौ व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दर्जनों मजदूर मलबे में दबे हुए हैं। बताया जा रहा है कि बॉयलर फटने से हादसा हुआ है। फिलहाल मौके पर पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम मौजूद है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।
वहीं, ब्लास्ट के बाद फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम की ओर से रेस्क्यू किया जा रहा है। बता दें कि यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब 2:30 बजे हुआ था। फायरबॉल बनाने की फैक्ट्री में धमका हुआ था।
उस फैक्ट्री के साथ लगती दो और फैक्ट्री भी आग की चपेट में आ गए। बचाव कार्य करने के दौरान अभी भी छोटे धमाके हो रहे हैं।

# पेपर लीक पर 10 साल की कैद, एक करोड़ तक जुर्माना

## देश में देर रात लागू हुआ कानून

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने देश में एंटी पेपर लीक कानून लागू कर दिया है। सरकार ने शुक्रवार देर रात को इस कानून को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया। सरकार ने शुक्रवार को सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 को अधिसूचित किया, जिसका उद्देश्य देश भर में आयोजित होने वाले प्रतियोगी और सामान्य प्रवेश परीक्षाओं में फर्जीवाड़े को रोकना है।
इस साल फरवरी में संसद से यह कानून पारित हुआ था, जो 21 जून 2024 से प्रभाव में आ गया है। इस कानून के तहत सार्वजनिक परीक्षाओं में होने वाली धोखाधड़ी (नकल) पर अंकुश लगाने के लिए न्यूनतम 3 से 5 साल की कैद की सजा का प्रस्ताव है और पेपर लीक गिरोह में शामिल लोगों को 5 से 10 साल की कैद और न्यूनतम 1 करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। यदि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई संगठित अपराध करता है, जिसमें परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था, सेवा प्रदाता, या कोई अन्य संस्थान शामिल है, तो उन्हें कम से कम 5



साल की कैद की सजा दी जाएगी, जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है।
कानून कहता है कि जुर्माना 1 करोड़ रुपये से कम नहीं होगा। किसी संस्थान के संगठित पेपर लीक अपराध में शामिल पाए जाने पर उसकी संपत्ति कुर्क करने और जब्त करने का भी प्रावधान कानून में है और परीक्षा की लागत भी उस संस्थान से वसूली जाएगी। हालांकि, यह कानून परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को दंडात्मक प्रावधानों से बचाता है। अगर कोई अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करता हुआ पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई होगी।
कानून'अनुचित साधनों' को, पेपर या आंसर की लीक करना, अनधिकृत संचार के माध्यम से परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों की सहायता करना, कंप्यूटर नेटवर्क या अन्य उपकरणों के साथ छेड़छाड़ करना, प्रॉक्सी उम्मीदवार बैठाना (किसी सॉल्वर को कैंडीडेट की जगह परीक्षा में बैठाना), फर्जी परीक्षा आयोजित कराना, परीक्षा सूची या रैंक को लेकर नकली दस्तावेज जारी करना और योग्यता दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करने के रूप में परिभाषित करता है।
सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के अंतर्गत आने वाले अपराध गैर-जमानती हैं। डीएसपी (पुलिस उपाधीक्षक) या एसीपी (सहायक पुलिस आयुक्त) रैंक का अधिकारी अधिनियम के तहत किसी भी अपराध की जांच कर सकता है। इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार के पास किसी भी जांच को केंद्रीय एजेंसी को सौंपने की शक्ति है। यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं और एनटीए द्वारा आयोजित सभी कंप्यूटर-आधारित परीक्षाएं इस अधिनियम के अंतर्गत आती हैं।

## नीट पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस का बड़ा एक्शन, झारखंड से 6 लोगों को हिरासत में लिया

**रांची/एजेंसी।** नीट (यूजी) पेपर लीक मामले के तार झारखंड के हजारीबाग, रांची और देवघर से भी जुड़ गए हैं। बिहार पुलिस के इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओयू) ने शनिवार को देवघर शहर से इस मामले में छह लोगों को हिरासत में लिया। ये सभी बिहार के नालंदा के रहने वाले हैं, जो देवघर में किराए के मकान में छिपकर रह रहे थे।
बिहार पुलिस की टीम ने हजारीबाग में भी नीट (यूजी) के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों की जांच की है। बताया जा रहा है कि लीक हुए पेपर का सॉल्वर गैंग रांची और हजारीबाग से ऑपरेट कर रहा था। देवघर शहर से जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उसमें सींटू नामक युवक भी शामिल है। उसके साथ पांच अन्य लोग यहां पिछले कुछ दिनों से मजदूर बनकर टिके हुए थे। बिहार ईओयू की टीम इनसे पूछताछ कर रही है। पेपर लीक में इनकी क्या भूमिका है, इस बारे में फिलहाल आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है।
ईओयू की अब तक की जांच में पेपर लीक के मास्टरमाइंड के रूप में सिकंदर यादवेंदु नामक जिस व्यक्ति का नाम सामने आया है, वह लंबे समय तक रांची में रहकर ठेकेदारी करता था। रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स के एक कॉटेज में वह अनधिकृत तरीके से रहता था। उसने रिम्स में भी मेंटेनेंस और रिपेयरिंग के छोटे-मोटे काम ठेकेदारी पर कराए थे। उसने कोई डिप्लोमा कोर्स कर रखा था और बाद में वह किसी तरह बिहार के दानापुर नगर परिषद में जूनियर इंजीनियर के तौर पर बहाल हो गया, लेकिन रांची में उसके कनेक्शन बरकरार रहे। सूत्रों के मुताबिक, सिकंदर ने रांची और हजारीबाग में सॉल्वर गैंग का नेटवर्क बना रखा था। लीक हुए पेपर इसी गैंग के लोगों ने सॉल्व कर व्हाट्सएप पर भेजे और इसके बाद चुनिंदा परीक्षार्थियों को उत्तर रटवाए गए। बताया जा रहा है कि व्हाट्सएप के जिन नंबरों से पेपर और उनके जवाब का आदान-प्रदान किया गया, उनके सिम फर्जी नाम से खरीदे गए थे। काम होने के बाद सभी सिम नष्ट कर दिए गए।

## ईडी को फिर मिला नोटों का पहाड़, जमीन कारोबारी के घर से 1 करोड़ कैश और 100 जिंदा कारतूस बरामद

**रांची/एजेंसी।** झारखंड के रांची में प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की टीम ने आज जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के चेशायर होम रोड और कांके के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने कमलेश के घर पर जमीन घोटाले से जुड़े कई दस्तावेज खंगाले। छानबीन के क्रम में उसके कांके स्थित आवास से एक करोड़ रुपया नगद, एक पिस्तौल और 100 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। ईडी की टीम बरामद रुपयों के संबंध में उससे पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले ईडी ने कमलेश को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन समन जारी होने के बावजूद वह जवाब देने के लिए ईडी कार्यालय में हाजिर नहीं हुआ। ज्ञातव्य है कि ईडी की टीम जमीन घोटाले मामले में अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप समेत कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## एक्शन में चंद्रबाबू नायडू, पूर्व सीएम जगनमोहन रेड्डी का केंद्रीय पार्टी कार्यालय करवाया ध्वस्त

**अमरावती/एजेंसी।**

गुंटूर जिले के ताड़ेपल्ली में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को कथित अवैध निर्माण के चलते शनिवार तड×के नगर निगम अधिकारियों ने ध्वस्त कर दिया। मंगलगिरी-ताडेपल्ली नगर निगम (एमटीएमसी) के अधिकारियों ने सुबह करीब 5:30 बजे कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्यालय ध्वस्तीकरण में कई बुलडोजरों को लगाया गया था। देखते ही देखते कुछ देर में बुलडोजरों ने कार्यालय को जमींदोज कर दिया।
कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीआरडीए) ने कथित अवैध निर्माण के मामले में वाईएसआरसीपी को नोटिस जारी किया था। इसके बाद वाईएसआरसीपी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। पार्टी के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि अदालत ने किसी भी तरह की ध्वस्तीकरण गतिविधि पर रोक लगाने का आदेश दिया है और वाईएसआरसीपी के वकील ने सीआरडीए आयुक्त को इसकी जानकारी दे दी है।

## आतिशी के अनिश्चितकालीन अनशन का दूसरा दिन, कहा- पानी मिलने तक जारी रहेगा अनशन




**नई दिल्ली/एजेंसी।**

आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी शुक्रवार से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हुई हैं। दिल्ली वालों के हक के पानी के लिए जारी अनिश्चितकालीन अनशन के दूसरे दिन शनिवार को आतिशी ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर समस्त दिल्लीवासियों के कल्याण और दिल्ली के हक का पानी जल्द मिलने की कामना की। आतिशी ने कहा है कि इस भीषण गर्मी में हरियाणा की बीजेपी सरकार ने दिल्ली के हक का पानी रोका हुआ है। एक दिन पहले भी दिल्ली के हिस्से के पानी से 110 एमजीडी कम पानी भेजा गया। जिस वजह से आज 28 लाख से भी ज्यादा लोगों को पानी की किल्लत होगी।
उन्होंने कहा कि मेरे तमाम प्रयास के बावजूद भी हरियाणा की बीजेपी सरकार दिल्ली के हक का पानी नहीं छोड़ रही है। आतिशी के मुताबिक अब जब तक हरियाणा की बीजेपी सरकार दिल्ली का पूरा पानी नहीं छोड़ती और हर दिल्लीवालों को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता, तब तक 'पानी सत्याग्रह' जारी रहेगा। अनशन पर बैठने से पहले ही आतिशी ने हरियाणा सरकार और बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा था कि दिल्ली के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। जनता त्राहिमाम कर रही है और हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से का पानी उन्हें नहीं दे रही है। इसलिए अब अनिश्चितकालीन अनशन की शुरुआत की जाएगी।
आतिशी ने बताया कि दिल्लीवालों को पानी मिले इसके लिए हर संभव प्रयास किया गया है। फिर भी हरियाणा ने पानी नहीं दिया इसलिए अब मजबूरन 'पानी सत्याग्रह' करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा था कि गांधी जी ने सिखाया है सच्चाई की लड़ाई लडने् के लिए सत्याग्रह अंतिम उपाय है।

## भारत-बंगलादेश गंगा जल संधि की समीक्षा करेंगे

# बंगलादेशी नागरिकों को इलाज के लिए ई-वीजा का ऐलान

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत और बंगलादेश गंगा जल संधि की समीक्षा करने पर सहमत हुए हैं और बंगलादेश से चिकित्सा के लिए भारत आने वालों के लिए ई-वीजा की सुविधा दी जाएगी।
मोदी ने विकास कार्यों में भारत का सबसे बड़ा भागीदार बताते हुए कहा कि बंगलादेश के साथ अपने संबंधों को भारत अत्यधिक प्राथमिकता देता है।मोदी भारत की दो दिन की यात्रा पर नयी दिल्ली आयीं बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके



प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के बाद एक साझा संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। हसीना की इस माह यहां की दूसरी यात्रा है। वह मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी आयी थीं। उन्होंने बताया कि दोनों देश डिजिटल प्रौद्योगिकी, समुद्र और अंतरिक्ष क्षेत्र की पहलों और रक्षा उत्पादन तथा मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में सहयोग के विस्तार पर सहमत हुए हैं। मोदी ने बंगलादेश के संस्थापक राष्ट्रपति बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिशील बंगलादेश के सपने को साकार करने में, भारत के सहयोग की प्रतिबद्धता को दोहराया।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2026 में बंगलादेश 'अल्प विकसित' देश की श्रेणी से निकल कर 'विकासशील देश' बनने जा रहा है। उन्होंने बंगलादेश की इस प्रगति में हसीना के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, 'सोनार बंगला' को नेतृत्व देने के लिए मैं प्रधानमंत्री शेख हसीना जी का अभिनन्दन करता हूँ। हसीना के साथ संबंधों की प्रागढ़ता को रखांकित करते हुए मोदी ने कहा, 'पिछले लगभग एक वर्ष में, हम दस बार मिले हैं। लेकिन आज की मुलाकात विशेष है, क्योंकि हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्रधान मंत्री शेख हसीना जी हमारी पहली राजकीय अतिथि हैं।
मोदी ने कहा, बंगलादेश हमारी 'सबसे पहले पड़ोसी' पॉलिसी, पूर्व के देशों के साथ काम करने की नीति पॉलिसी, ' सागर ' (क्षेत्र में सभी देशों के लिए सुरक्षा और समृद्धि) और एशिया प्रशांत क्षेत्र के बारे में भारत से सपने और पहल के संगम पर स्थित है।

# बेरोजगार लड़कियों को जिस्मफरोशी में धकेलने वाले समाजकंटक!

देश में लड़कियों को विभिन्न माध्यमों से ब्लेकमेल कर उनका यौन शोषण करने और अनैतिक कार्य के लिए मजबूर करने के कुचक्र को कुछ समाजकंटक भ्रष्ट अधिकारियों और नेताओं के गठजोड़ से चला रहे हैं। हाल ही में बिहार के मुजफ्फरपुर से सामने आ रहे एक समाचार से देश में बेरोजगार बच्चियों को नौकरी देने की आड़ में देह शोषण करने के बेहद शर्मनाक धंधे का भंडाफोड़ हुआ है। इस रैकेट में मुजफ्फरपुर में नौकरी का झांसा देकर करीब 200 लड़कियों के यौन शोषण का मामला सामने आया है।

बता दें कि बिहार पहले से ही बेरोजगारी और पलायन की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि यहां उद्योग-धंधों की कमी है। कुछ समाजकंटको ने इसी समस्या को अपराध के लिए हथियार बना लिया और एक कंपनी खोली। अहियापुर इलाके में 180 लड़कियों को नौकरी दिए जाने के नाम पर बंधक बनाया गया। उनके साथ मारपीट हुई, उनका यौन शोषण किया गया।ये वही मुजफ्फरपुर है जहाँ से 'बालिका गृह कांड' की घटना सामने आई थी। इस पर एक मुंबईया फिल्म 'भक्षक' भी बनाई गई थी। वहां 34 बच्चियों के यौन शोषण का मामला सामने आया था। संचालन ब्रजेश ठाकुर एक स्थानीय अखबार भी चलाता था। अब इसी मुजफ्फरपुर में हुई वारदात को लेकर छपरा की एक पीड़िता ने मामला दर्ज कराया है। डीवीआर नामक कंपनी ने फेसबुक पर लड़कियों के लिए जॉब ऑफर पोस्ट किया था और वो इससे जुड़ी। अप्लाई करने के बाद चयन हुआ और उससे प्रशिक्षण के नाम पर 20,000 रुपए मांगे गए। अहियापुर थाना क्षेत्र स्थित बखरी के पास ही पैसा जमा किए जाने के बाद कई लड़कियों को रखा गया था। 3 महीने बीतने के बाद भी इन्हें वेतन नहीं दिया गया, जिसके शिकायत इन लड़कियों ने कंपनी के मैनेजर तिलक सिंह से की। पीड़िता को इसके बाद 50 और लड़कियों को कंपनी से जोड़ने के लिए कहा गया और वादा किया गया कि इसके बाद उसकी सैलरी 50,000 रुपए हो जाएगी। उस दौरान पुलिस ने कंपनी के दफ्तर व हॉस्टल पर छापेमारी की, तिलक सिंह कई लड़कियों को लेकर हाजीपुर शिफ्ट हो गया और वहां उसने पीड़िता से शादी कर डाली।

रिपोर्ट के अनुसार मुजफ्फरपुर में रहने के दौरान भी उसने पीड़िता के साथ जबरन यौन संबंध बनाया था और उसका गर्भपात भी करा दिया था। हाजीपुर में जब वो मौके जाने की जिद करती तो उसे पीटा जाता था। बौरिया क्षेत्र में उसे कुछ आपसी दिए गए और कहा गया कि अब तुम आज़ाद हो। पीड़िता ने बताया कि लड़कियों को बंधक बनाया जाता है, वो भागने न पाए इसके लिए मुस्तंडों को तैनात रखा जाता है। लड़कियों से उनकी रिश्तेदारी व जान-पहचान में स्थित अन्य लड़कियों को फोन कॉल करवाए जाते हैं, उन्हें भी जॉब का ऑफर देकर उनका यौन शोषण होता है। लड़कियों को मुँह खोलने पर उनके परिजनों की हत्या की धमकी दी जाती है। कंपनी विज्ञापन में लिखती थी कि ये नौकरी सिर्फ लड़कियों के लिए ही है और मोटी सैलरी की पेशकश की जाती थी। बेल्ट से एक लड़की की पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, आगे की जांच की बात कही जा रही है। पीड़िता ने बताया कि लड़कियों को कॉल करना सिखाया जाता था। पीड़िता ने बताया कि उसके फोन में कई सबूत थे, आरोपितों ने उसका फोन भी तोड़ डाला, उसे फॉर्मेट कर दिया। एक ओर देश प्रदेश की सरकारों ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा दिया है, दूसरी ओर आए दिन इस तरह की संगठित सिंडिकेट बना कर भोली भाली लड़कियों को अपने जाल में फंसा कर उनका मानसिक शारीरिक आर्थिक शोषण कर जीवन नर्क बनाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। क्या अब यत्र नारी पूज्यन्ते तत्र रमन्ते देवता की सांस्कृतिक विरासत को नष्ट भ्रष्ट कर दैहिक व्यभिचार का नर्क बनाया जाएगा।

देश में कोई क्षेत्र ऐसा नहीं, जहां कोई न कोई विकृति घोटाला या हेराफेरी न पनप रही हो। इनमें सरकारी व गैर सरकारी नौकरियां या रोजगार देने के नाम पर की जा रही हेराफेरी भी शामिल है। अब तो जरूरतमंद परिवारों की युवतियों को नौकरी का प्रलोभन देकर उनका यौन शोषण किया जाने लगा है। आरोप है कि बिहार के मुजफ्फरपुर में 'डीवीआर मार्केटिंग' नामक एक फर्जी कंपनी में 50,000 रुपए मासिक तक के वेतन का झांसा देकर दर्जनों युवतियों को महीनों तक बंधक बनाकर उनका यौन उत्पीड़न किया गया। अब मामले में आरोपियों से बच कर अदालत पहुंची एक पीड़िता की शिकायत पर इरफान, तिलक सिंह, अहमद रजा, हरे राम, मनीष सिन्हा, एनामुल अंसारी, विजय कुशवाहा और कन्हैया कुशवाहा समेत 9 लोगों के विरुद्ध छपरा के मसरख थाने में केस दर्ज हुआ है। इनमें से तिलक सिंह को 18 जून को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि बाकियों की तलाश जारी है। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसे नौकरी का प्रलोभन देकर हाजीपुर की डीवीआर कंपनी में डॉक्यूमेंट और 20,500 रुपए लेकर बुलाया। अपनी मौसी से कर्ज लेकर पीड़िता ने हाजीपुर में ज्वाइन किया लेकिन वहां काम की बजाय उसे नौकरी के नाम पर लोगों को फ्रॉड कॉल कर उन्हें कंपनी से जोड़ने का तरीका सिखाया जाने लगा। पीड़िता ने भी अपने माध्यम से 21 लोगों को कंपनी के साथ जोड़ा जिनसे कंपनी ने 20,500 रुपए ले लिए। जो लड़कियां अन्य ग्राहकों को नहीं जोड़ पाती थीं, उन्हें बैल्ट से मारा-पीटा व सिगरेट से दागा जाता था।

हाजीपुर में सबसे ज्यादा लड़कियों को रखा गया। पीड़िता के अनुसार वह 2021 में फेसबुक के जरिए आरोपियों के साथ जुड़ी लेकिन आज तक एक बार भी वेतन नहीं मिला। बस पीट कर और अन्य तरीकों से सबको डराकर रखा जाता था। इस दौरान युवितयों की तस्वीरें ली जातीं और उनसे छेड़छाड़ कर इंटरनैट पर डालने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जाता था। पीड़िता के अनुसार नशा देकर सब युवतियों की पिटाई की जाती और वीडियो बनाए जाते तथा एक युवती द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके भाई की हत्या तथा अपहरण की धमकी तक दी। मुजफ्फरपुर के दफ्तर में छापा पड़ने पर आरोपी उसे लेकर हाजीपुर चले गए। पीड़िता के अनुसार जब वह गर्भवती हुई तो दवा खिलाकर तीन बार उसका गर्भपात भी कराया गया। फिर नकली शादी कर यौन शोषण किया गया। अन्य युवतियों को भी शादी के लिए मजबूर किया गया और गर्भवती होने पर उनका भी गर्भपात कराया गया। पुलिस ने बताया कि इस फ्राड कंपनी पर उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार के अलग-अलग जिलों में एक दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। कंपनी के नामजद आरोपियों ने नौकरी के नाम पर एक अन्य युवती से कहा कि शुरूआत में उसे 20,000 रुपए मिलेंगे। उसे यह झांसा भी दिया गया कि कंपनी में और लड़के-लड़कियों को ज्वाइन करवाने पर उसे 50,000 रुपए मासिक मिलने लगेंगे। पीड़िता ने 53 युवक-युवतियों को इस कंपनी में ज्वाइन कराया परंतु जब भी वह वेतन मांगती तो आरोपी कहते कि वह अब फर्म की शेयर होल्डर बन गई है। जाहिर है कि यह तो केवल एक गिरोह की बात है, ऐसे न जाने कितने गिरोह देश में जरूरतमंद युवतियों को रोजगार देने के बहाने उनका शोषण कर रहे होंगे।

# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर




डॉ. अशोक कुमार भार्गव

भारतीय चिंतन परम्परा में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर का चिंतन सामाजिक जड़ता, अराजकता, जन्म के आधार पर भेदभाव, साम्प्रदायिकता, अस्पृश्यता और उंच-नीच जैसी अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ शंखनाद है। वे ऐसे आदर्श मानवीय समाज की परिकल्पना करते हैं जहां सामाजिक समरसता पर आधारित मानवीय धर्म की प्रतिष्ठा हो। कहा जाता है कि काशी में लहरतारा तालाब पर नीरू तथा नीमा नामक जुलाहा दंपति को एक नवजात शिशु अनाथ रूप में प्राप्त हुआ। इन दोनों ने बालक का पालन पोषण किया जो संत कबीर के नाम से विख्यात हुए। निम्न और वंचित समझी जाने वाली जुलाहा जाति में पलकर भी तत्कालीन धर्म के दिग्गज पंडितों, मौलवियों को एक ही साथ फटकार सकने में समर्थ कबीर ने 'मसी' और 'कागद' न छूकर तथा कलम हाथ में न पकड़ कर भी केवल अपने प्रामाणिक अनुभव के बल पर जो कुछ कहा उसे सुनकर बड़ी-बड़ी पोथियों के अध्येता भी चकित रह गए। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई।

संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफ़गान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और गहरा बनाने में कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था। कुछ वर्गों में सांप्रदायिक कट्टरता एवं संकीर्णता पनप रही थी। समाज में धर्मगत, जातिगत, वर्णगत संप्रदाय गत विषमताएं विकट थीं। फलस्वरूप समाज का निम्न और अछूत वर्ग शोषण, उत्पीड़न, उपेक्षा, अपमान और सामाजिक धार्मिक निर्योग्यताओं का शिकार होने से इनमें आक्रोश, असंतोष और विक्षोभ प्रबल हो रहा था।

ऐसी विषम स्थिति में कबीर की क्रांत दर्शिता विभिन्न मतवादों को समन्वित कर 'सूप' का स्वभाव लेकर उभरी जो किसी भी मत और संप्रदाय के 'थोथे' तत्व को उड़ा सकने एवं उसके सार तत्व को ग्रहण कर सकने में समर्थ है। यही कारण है कि उनकी बानियां लोक मंगल की भावना से प्रेरित लोकमंगल की साधना को समर्पित है। कबीर का चिंतन आचरण शुद्धि, लोक कल्याण, सांप्रदायिक सद्भाव तथा दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन पर केंद्रित है। कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बा'चारों और सामंती



व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। हिंदू हो या मुसलमान पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। कबीर ने मुसलमान की हिंसात्मक प्रवृत्ति की निंदा की। मूर्ति पूजा का खंडन किया। हिंदुओं को मुसलमान बनाने के विरुद्ध बगावत की।माला जपने, जप तप करने, व्रत रखने, रोजे रखने, मस्जिद में बांग लगाने आदि अनेक पाखंडों की आलोचना की। कबीर ने 'जाति-पांति पूछे नहि कोई। हरि को भजै सो हरि को होई' कहकर समाज को एक नई दिशा दी।

कबीर की कटु आलोचनाओं से समाज के ठेकेदारों के निहित स्वार्थ जब प्रभावित होने लगे तो इन्होंने बादशाह सिकंदर लोदी से शिकायत की। काजियों ने कहा कि कबीर लोगों को इस्लाम के विरुद्ध नसीहत देते हैं जिससे मुसलमान हिंदुओं की तरह ध्यान और भजन करने लगे हैं। पंडितों ने कहा कि कबीर परंपरा से चले आ रहे धार्मिक और सामाजिक नियमों का खंडन करते हैं। लोगों को ऐसे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं जिसे न हिंदू कहा जा सकता है न मुसलमान। बादशाह ने कबीर को ऐसा न करने का आदेश दिया। किंतु कबीर झुके नहीं और निर्भय होकर कहा कि पारस्परिक मतभेदों में समन्वय कर यदि जीवन को सार्थक बनाने योग्य समता मूलक सच्चे सिद्धांतों पर अमल किया जाए तो इसमें क्या दोष है? धर्म के ठेकेदारों को यह मंजूर नही था। बादशाह भी स्वयं मुसलमान था उसने तलवार के जोर से इस्लाम का प्रचार किया। इसलिए बादशाह ने कबीर को मृत्युदंड दिया। कबीर पंथियों का मत है कि लोदी ने अनेक प्रकार के उपायों से कबीर को मरवाने की कोशिश की किंतु किसी दैवी शक्ति या चमत्कार से कबीर का कुछ नहीं हुआ। अंततः कबीर के अलौकिक व्यक्तित्व के समक्ष सिकंदर लोदी नतमस्तक हुआ और कबीर को स्वतंत्र कर दिया।

एक बार कबीर को बादशाह को सलाम अदा करने के लिए कहा तब कबीर ने उत्तर दिया 'एक परमात्मा के सिवाए मालिके मखलूक और कोई नहीं । मैं उसी को सलाम करता हूं मिट्टी से बने किसी इंसान को नहीं।' कबीर के इस प्रबल आत्मविश्वास और निर्भयता के पीछे उनके अनुभव की प्रामाणिकता, ईमानदारी, सच्चाई और नैतिकता कार्य कर रही थी। खरी-खरी सुनाने का अद्भुत साहस कोई खरी अनुभूति वाला व्यक्ति ही कर सकता है। कबीर अशिक्षित थे सहज, सरल सबके लिए सुलभ थे। उन्होंने जिंदगी की पोथी को खुली आंखों से पढ़ा था। वे प्रेम के एक अक्षर को पढ़कर ही पंडित हो गए थे। उनकी भक्ति में ज्ञान योग और प्रेम का अद्भुत समन्वय है। ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं और गुरु के बिना ज्ञान नहीं। कबीर स्वामी रामानंद से गुरु दीक्षा के अभिलाषी थे किंतु शास्त्रानुसार जुलाहे कबीर पात्र नहीं थे। स्वामी रामानंद ने विवशता बताई और कबीर के स्पर्श के कारण दुबारा गंगा स्नान करने को कहा। तब कबीर ने टूटे हुए हृदय से कहा "आपकी पवित्रता मुझे पावन न बना सकी किंतु मेरी अपावनता ने आपको पुनः स्नान के लिए बाध्य कर दिया। सुना था देवता के स्पर्श से पापी तक पावन हो जाते हैं किंतु आज एक देवता मनुष्य को छूकर अपावन हो गया।" स्वामी रामानंद ने कबीर के कथन में निहित सत्य को अनुभूत किया और बाद मे कबीर को अपने आश्रम ले आए। कबीर ने सदैव शारीरिक श्रम की महत्ता को स्वीकार किया और आजीवन जुलाहे कर्म का निष्ठा से पालन किया।

कबीर की मृत्यु पूर्व की सूचना पर उनके हजारों हिंदू-मुस्लिम भक्त एकत्र हो गए। हिंदू उनका दाह संस्कार करना चाहते थे और मुसलमान दफन। किंतु कबीर जो जीवन भर सांप्रदायिक सद्भाव और एकता के लिए संकल्पित रहे उनका यह विश्वास टूटने पर अलौकिक शक्ति से अपने शव को अद्रश्य कर दिया और उस स्थान कुछ पुष्प बिखरे रह गए। आधे पुष्प हिंदुओं ने लेकर दाह संस्कार कर समाधि बना दी मुसलमानों ने आधे पुष्प दफन कर मकबरा बना दिया। वस्तुतः कबीर हिंदू के भी थे और मुसलमान के भी। वे दोनों को जोड़कर एक मानव संस्कृति के निर्माण की आधारशिला रख रहे थे। अपने सिद्धांतों के लिए जीने, मरने वाले कबीर न किसी जाति में पैदा हुए और न किसी धर्म में मरे जो एक साथ कब्र में दफन और समाधि में समाधिस्थ भी।

निःसंदेह कबीर साधना के क्षेत्र में युग गुरु और साहित्य के क्षेत्र में युग दृष्टा हैं। उनकी साधना वैयक्तिक और आध्यात्मिक होते हुए भी समष्टिपरक है। वे ऐसे सर्जक है जो परंपरा को तोड़ते ही नहीं बल्कि अपनी समकालीनता से उसे नए अर्थ भी देते हैं। कबीर में परंपरा के प्रति निरर्थक मोह नहीं है। वे आत्मा-परमात्मा का रहस्य बतलाते हुए कहते हैं कि आप सब अपने दिलों से हिंदू मुसलमान, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब और छोटे-बड़े का भेदभाव मिटा दो। हम सब एक ही राम-रहीम के बंदे हैं। आपस में सद्भाव से मिलजुल कर प्रेम से रहते हुए ईश्वर की भक्ति कर नेक जिंदगी जिए। यही मेरा संदेश और मजहब है। एक दिन कबीर ने पुत्र कमाल को कहा मुझे मगहर पहुंचा दो। मैं काशी में मरना नहीं चाहता। कमाल ने आश्चर्य से कहा कि "अब्बा, लोग तो दूर-दूर से मरने के लिए काशी में आते हैं और आप काशी छोड़कर मगहर जाना चाहते हैं। सुना है काशी में मरने पर स्वर्ग मिलता है और मगहर में मरने पर नरक। कबीर ने हंसते हुए कहा कि मैं इसी भ्रम को तोड़ना चाहता हूं। वैसे न मैं स्वर्ग में विश्वास करता हूं न नरक में। स्वर्ग और नरक मन का भ्रम हैं। कर्मों की पवित्रता, नैतिकता से मिलने वाली आत्म शांति स्वर्ग है और पाप कर्मों से मिलने वाली यातना नरक। मुझे अपने कर्मों की पवित्रता पर विश्वास है। मैं मगहर में मरकर भी स्वर्ग ले लूंगा और कबीर ने मगहर में अपना पार्थिव शरीर छोड़ दिया।

निसंदेह साहित्य और धर्म के क्षेत्र में एक नवीन क्रांति के जनक कबीर भौतिक रूप से हमारे मध्य नहीं है किंतु मानवता को हर प्रकार के बंधनों से मुक्त कर अखंड आनंद की प्राप्ति कराने वाला उनका समग्र सृजन, साखियां, बानियां, उलटबासियां, दोहे, बीजक आदि साहित्य प्रगतिशील समाज के लिए प्रेरणा की अमूल्य धरोहर है जिनका आध्यात्मिक रहस्य दुनिया के किसी भी धर्म ग्रंथ से कमतर नहीं है।

**(लेखक, मोटिवेशनल स्पीकर और पूर्व आईएएस हैं।)**

# जानिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की कहानी



हृदयनारायण दीक्षित

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षटदर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतरराष्ट्रीय है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया। भारत के सभी क्षेत्रों व राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋवेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत है। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, "शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।" मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, "जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।" मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इंद्र से कहते हैं, "आपका मन हमारी ओर हो।" (8.45.6) वैदिक देव इंद्र योग के विज्ञ थे। इंद्र की प्रशंसा में कहते हैं, "आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।" सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, "आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।" मार्शल की यह बात गलत है कि ऋवैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है। भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है। मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, "यथाभिमत्ध्याना द्वा- जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, "क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, "समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।" योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि "जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है।" पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋताम्भरा शब्द का प्रयोग किया है- ऋताम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋवेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋताम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋताम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जानना संन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

**(लेखक, उप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# सांस्कृतिक व बौद्धिक विरासत की पहचान बनेगा नालंदा विश्वविद्यालय!



मनोज कुमार अग्रवाल

हमारी संस्कृति पर कितना सुनियोजित तरीके से विदेशी आक्रान्ताओं ने सांप्रदायिक उन्माद के चलते नष्ट भ्रष्ट करने की कोशिश की नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर आज भी इस बर्बादी के गवाह हैं। लेकिन अब समय बदल रहा है 800 साल के लंबे इंतजार के बाद भारत की विरासत और दुनिया के पुराने यूनिवर्सिटी नालंदा विश्वविद्यालय का कायाकल्प हो चुका है। नालंदा विश्वविद्यालय अपने नए स्वरुप में उभरकर सामने आया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1600 साल पुराने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन 19 जून को किया है। बता दें, नालंदा विश्वविद्यालय का 1600 साल पुराना इतिहास रहा है। नालंदा विश्वविद्यालय तब से है जब ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज जैसे यूनिवर्सिटी अस्तित्व में भी नहीं आए थे।

नालंदा यूनिवर्सिटी का निर्माण गुप्त काल में किया 5वीं सदी में किया गया था। 7वीं सदी तक नालंदा यूनिवर्सिटी काफी प्रसिद्धि हासिल कर चुका था। नालंदा यूनिवर्सिटी बौद्ध मठ का हिस्सा था, जिसकी सीमा 57 एकड़ जमीन में फैली हुई थी।नालंदा यूनिवर्सिटी को ज्ञान का भंडार कहा जाता था। यहां इतनी किताबें थी, जिसे गिन पाना भी मुश्किल हो। 12वीं शताब्दी में बख्तियार खिलजी ने इसे जला दिया था। आज कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटी का बहुत नाम है, लेकिन इन विश्विद्यालयों के आने से 600 साल पहले नालंदा यूनिवर्सिटी बन चुका था।

यहां धार्मिक ग्रंथों के अलावा लिट्रेचर, थियोलॉजी, लॉजिक, मेडिसिन, फिलोसॉफी, एस्ट्रोनॉमी जैसे विषय का गहन अध्ययन कराया जाता था। कहा जाता है कि नालंदा यूनिवर्सिटी में जिन विषयों को पढ़ाया जाता था, उन विषयों के बारे में दुनिया के अन्य किसी विश्वविद्यालयों में नहीं पढ़ाया जाता था। इस विश्वविद्यालय को लेकर कई कहानिया कही जाती है। इनमें से एक ये है कि जब बख्तियार खिल्जी बीमार पड़ा था तो उसने यहीं पर अपना इलाज कराया था, लेकिन उसे इलाज पसंद नहीं आया और इस वजह से उसने पूरी यूनिवर्सिटी में आग लगा दी। महीनों तक यूनिवर्सिटी जलता रहा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। बता दें, नालंदा यूनिवर्सिटी दुनिया के पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है। विश्वविद्यालय का खास इतिहास रहा है।

नालंदा विश्वविद्यालय ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रीज से 600 साल पुराना है। यहां ऐसे विषयों को पढ़ाया जाता है, जो दुनिया में अन्य कहीं नहीं पढ़ाया




जाता था। भारत की ये धरोहर बख्तियार खिलजी के भेंट चढ़ गई। इस यूनिवर्सिटी में करीब 300 से ज्यादा कमरें थे। इसके अलावा 7 बड़े-बड़े हॉल भी थे। यहां की लाइब्रेरी सबसे खास थी।

कहा जाता है कि नालंदा विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी नौ मंजिल की थी, जिसका नाम धर्मगूंज था। 5वीं सदी में गुप्त काल के शासक सम्राट गुप्त प्रथम ने 5वीं सदी में इसका निर्माण कराया था। हालांकि, 12वीं सदी में बख्तियार खिलजी ने इसके पूरी तरह से बर्बाद कर दिया था। खिलजी ने इस विश्व विद्यालय में आग लगवा दी। यहां की लाइब्रेरी में इतनी किताबें थी कि तीन महीने तक ये जलता रहा। 7वीं सदी तक नालंदा यूनिवर्सिटी काफी प्रसिद्धि हासिल कर चुका था। नालंदा यूनिवर्सिटी बौद्ध मठ का हिस्सा था, जिसकी सीमा 57 एकड़ जमीन में फैली हुई थी। 20 देशों से स्टूडेंट्स आते थे पढ़ने यहां धार्मिक ग्रंथों के अलावा लिट्रेचर, थियोलॉजी, लॉजिक, मेडिसिन, फिलोसॉफी, एस्ट्रोनॉमी जैसे विषयों का गहन अध्ययन कराया जाता था। इस वजह से करीब 20 देशों के स्टूडेंट्स यहां पढ़ने के लिए आया करते थे। करीब 10 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स यहां पढ़ने के लिए आया करते थे। आर्यभट्ट ने नालंदा विश्वविद्यालय का नेतृत्व किया था। यहां के विद्वान और सर्वश्रेष्ठ प्रोफेसर चीन, कोरिया, जापान, इंडोनेशिया और श्रीलंका जैसे देशों में बौद्ध शिक्षाओं और दर्शन के प्रचार के लिए भेजे जाते थे। यहां की लाइब्रेरी में 90 लाख से ज्यादा हस्तलिखित, ताड़-पत्र पांडुलिपियां थी।

नालंदा यूनिवर्सिटी को ज्ञान का भंडार कहा जाता था। यहां इतनी किताबें थी, जिसे गिन पाना भी मुश्किल हो। 12वीं शताब्दी में बख्तियार खिलजी ने इसे जला दिया था। आज कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटी का बहुत नाम है, लेकिन इन विश्विद्यालयों के आने से 600 साल पहले नालंदा यूनिवर्सिटी बन चुका था। विश्वविद्यालय में 6 रिसर्च सेंटर हैं जिनमें बौद्ध अध्ययन, दर्शन और तुलनात्मक धर्म स्कूल; ऐतिहासिक अध्ययन स्कूल; पारिस्थितिकी और पर्यावरण अध्ययन स्कूल; और सतत विकास और प्रबंधन स्कूल शामिल हैं।

प्राचीन नालंदा के खंडहरों में मठ और शिक्षण संस्थान के पुरातात्विक अवशेष शामिल हैं। इसमें स्तूप, मंदिर, विहार (आवासीय और शैक्षणिक भवन) तथा प्लास्टर, पत्थर और धातु से बनी महत्वपूर्ण कलाकृतियां शामिल हैं। नालंदा भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय है।

पीएम मोदी ने एक पोस्ट में लिखा, "यह हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत खास दिन है। आज राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया जाएगा। नालंदा का हमारे गौरवशाली अतीत से गहरा नाता है। यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से युवाओं की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में बहुत मददगार साबित होगा।" नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना पांचवीं शताब्दी में हुई थी जहां दुनियाभर से छात्र अध्ययन के लिए आते थे। विशेषज्ञों के अनुसार, 12वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट किए जाने से पहले यह प्राचीन विश्वविद्यालय 800 वर्षों तक फलता-फूलता रहा।नए विश्वविद्यालय ने 2014 में 14 छात्रों के साथ एक अस्थायी स्थान से काम करना शुरू किया। विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य 2017 में शुरू हुआ। भारत के अलावा इस विश्वविद्यालय में जिन 17 अन्य देशों की भागीदारी है उनमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, चीन, इंडोनेशिया, लाओस, मॉरीशस, म्यांमार, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए नालंदा विश्वविद्यालय का पुनर्निर्माण मील का पत्थर साबित होगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

### लोकतंत्र के चौथे स्तंभों पर अपराधियों की दबंगाई पड़ रही हैं भारी

# अवैध बजरी से जुड़ी खबर छापने पर कलमकार को खुलेआम दी जान मारने की चेतावनी

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/सवाईमाधोपुर (खलील कुरैशी)।** अवैध बजरी से जुड़ी खबर छापने पर वरिष्ठ पत्रकार को जान से मारने की चेतावनी के अलावा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी का मामला सामने आने से पत्रकार संगठनों में अच्छा खासा रोष व्याप्त हो गया है उल्लेखनीय है कि पत्रकार सुरक्षा को लेकर विगत दिनों प्रदेश के गृह मंत्री बेढ़म द्वारा दी गई गारंटी हुई थोथी साबित नजर आ रही हैं राज्य सरकार ने प्रदेश की सत्ता संभालते ही अवैध बजरी का कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त आदेश निकाल कर इन पर लगाम कसने का खुला ऐलान किया था परंतु राजनीतिक व प्रशासनिक संरक्षण में फल फूल रहा अवैध बजरी व्यवसाय रूकने का नाम नहीं ले रहा है। वही अवैध बजरी खनन परिवहन को रुकवाने में जो भी प्रशासन की सहायता करता है! उस पर ही जान का खतरा मंडराता हुआ नजर आ रहा है। इसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण गुरूवार की रात मलारना डूंगर उपखंड के भूखा मोड़ पर देखने को मिला। बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ सवाई माधोपुर जिले में पुरजोर आवाज बुलंद करने वाले दैनिक समाचार पत्र ३पहाड़ों की नगरी३ के संपादक अकरम खान पर गुरुवार की रात सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय से अपने निवास मलारना डूंगर आते समय न्यूज कवरेज को लेकर तथा अवैध बजरी की खबर अखबार में छापने को लेकर बजरी माफिया से जुड़े कुछ लोगों द्वारा अचानक से भूखा मोड़ पर घात



**बेलगाम दबंगों पर कानून की पकड़ पड रही हैं नरम**

**आत्म सुरक्षा को लेकर पत्रकारिता जगत हो रहा है लामबंद**

लगाकर हमला किया गया। संभाग (भरतपुर) स्तरीय दैनिक समाचार पत्र के मालिक एवं संपादक के साथ बजरी माफिया से जुड़े स्थानीय गुंडों ने गाली गलौज के बाद मारपीट तक की, यहीं नहीं उन्हें जान से मारने का खुला चैलेंज देते हुए झूठे मुकदमे ( एसी एवं एसटी केश) में फंसाने की धमकी भी दी गई। संपादक अकरम खान ने किसी तरह से माफिया के चंगुल से बचकर अपनी जान बचाई। अफसोस का विषय तो यह है! कि,जब एक अखबार का संपादक ही उपखण्ड क्षेत्र में सुरक्षित नहीं है! तो दूसरे छोटे बड़े संवाददाता/पत्रकारों की जान-माल व सुरक्षा की क्या गारंटी है, की स्थानीय प्रशासन व पुलिस के भरोसे वे अपने आप को कैसे सहज( सुरक्षित )महसूस करें। मलारना डूंगर क्षेत्र के बजरी माफियाओं की हिम्मत को भी दाद देनी पड़ेगी कि उन्होंने पुलिस व प्रशासन से बैखौफ होकर इस घटना को अंजाम दिया। कुछ समय पहले भी सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर एक वरिष्ठ पत्रकार साथी के साथ भी बजरी माफिया व कथित ठेकेदार के भाड़े के गुंडो द्वारा मारपीट की वारदात को सरेआम अंजाम दिया गया था। उस समय भी पुलिस व प्रशासन ने आरोपीयो पर कोई विशेष एक्शन नहीं लिया। जिसके बाद पत्रकारों के संगठनों के दबाव पर आरोपीयों के खिलाफ फोरेतोर पर जरूर कार्यवाही की गई।

**घटना का विवरण -**

मलारना डूंगर निवासी पहाड़ों की नगरी दैनिक अखबार के संपादक अकरम खान विगत दिवस 17 जून को ईद मनाने के लिए अपने गांव मलारना डूंगर आए हुए थे। इसी बीच दिनांक :-20 जून को रात्री करीब 11-12 बजे के लगभग वह अपनी मोटर साईकिल से मलारना डूंगर लौट रहे थे। इस दरम्यान रास्ते में भुखा मोड़ पर मुख्य आरोपी मुकेश कुमार मीना उर्फ मन्तर पुत्र नामालूम निवासी माडोली जो की अवैध बजरी माफिया है, के द्वारा संपादक की मोटर साईकिल के साथ रास्ता रोक गया! और अवैध बजरी से जुड़ी खबर अखबार में छापने को लेकर बहस की गई। पहले तो आरोपी ने गाली गलौज की और फिर आक्रोशवश वह मारपीट पर भी उतारू हो आया । हाथापाई करते हुए मुलजिम ने संपादक के साथ मारपीट भी की और जान से मारने की धमकी तक दे डाली।

**कौन देगा सुरक्षा की गारंटी -**

महत्वपूर्ण पहलू तो यह है, कि अखबार का सम्पादक होने के कारण खान को देर रात फील्ड से अपने घर पर आना जाना होता है! इसी बीच मुलजिम या अन्य माफिया द्वारा संपादक के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित हो जाती है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। पुलिस, खनिज विभाग या प्रशासन या फिर आरोपी। पहली मर्तबा भविष्य में घटने वाली अप्रिय घटना की समस्त जिम्मेदारी सम्बंधित आरोपी की होगी। क्योंकि उसने जान से मारने की धमकी जो दे रखी है। गौरतलब है! कि आरोपी अपराधिक प्रवृति का होने के साथ अवैध बजरी माफिया भी है !तथा गिरोह बनाकर देर रात तक पुलिस व प्रशासन के डर से बैखौफ होकर इधर-उधर घुमता रहता है। इसलिए आरोपी एवं उनके साथियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और आगे के लिए पाबंद किया जाए।

### हन्तरा से वैर सड़क पर हुआ हादसा

# ट्रक की टक्कर से बालिका की मौत, मां की हालत चिन्ताजनक

**चमकता राजस्थान**



**वैर (राजवीर सिंह)।** हन्तरा से वैर वाया धरसौनी-जीवद सडक मार्ग स्थित हलैना थाना क्षेत्र के गांव आजादपुरा मोड के पास एक ट्रक ने सडक को क्रास कर रही मां-बेटी में टक्कर मार दी। हादसे में 3 माह की बालिका ने दम तोड तोड दिया। जबकि मृतका की मां गम्भीर रूप से घायल हो गई। ट्रक को सडक पर छोड कर चालक फरार हो गया। ये ट्रक एक दंबग ठेकेदार का बताया जा रहा है,जिस ट्रक को पुलिस ने जप्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है। थाना प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि हन्तरा-वैर सडक के गांव आजादपुरा मोड पर 21 जून की रात करीब 8-9 बजे सडक हादसा की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर वैर एवं हलैना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मां-बेटी को कस्वा वैर के जिला उप अस्पताल ले गए। जहां 3 माह आयु की साक्षी को मृतक घोषित कर दिया और मृतका साक्षी की मां नीतूदेवी की हालत चिन्ताजनक होने पर उसे वैर से भरतपुर आरबीएम अस्पताल को रैफर कर दिया। उन्होने बताया कि 3 माह आयु की बालिका साक्षी के षव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका साक्षी व उसकी मां नीतू सडक को क्रास कर रही थी। तभी ट्रक ने टक्कर मार दी। उन्होने बताया कि पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया है और हादसे स्थल से फरार हुए ट्रक के चालक की तलाश जारी है। मृतका साक्षी एवं उसकी मां गांव नगला खरबेरा निवासी है।

**-गोद से उछल की दूर गिरी**

गांव नगला खरबेरा निवासी नीतू देवी और उसकी 3 माह की बेटी साक्षी गांव जाने के लिए पैदल सडक को क्रास कर रही थी। बालिका उसकी गोद में थी। तभी ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर से बालिका गोद से उछल कर दूर जा गिरी और उसकी मौत हो गई।

**-पांच मिनिट पहले पीया दूध**

मां नीतू को जब होश आता है,तो वह पुत्री साक्षी की पूछती है कि मेरी बेटी कहा है और कैसी है। अभी तो मैने उसे दूध ही पिलाया था। उसका कहना था कि सडक हादसे से पहले मैने सडक किनारे बैठ कर उसे अपना दूध पिलाया और उसे गोद में लेकर सडक क्रास कर रही थी। तभी ट्रक ने टक्कर मार दी। ऐसा कहने के बाद नीतू बेहोश हो जाती है।

## संक्षिप्त खबर

*महिला अत्याचार मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई*

### 12 घंटे के अंदर आरोपी को अहमदाबाद से डिटेन कर गिरफ्तार किया



**चमकता राजस्थान, जयपुर/बाड़मेर! (खलील कुरैशी)।** बाड़मेर में थाना चौहटन क्षेत्र के भूंकरानसर सोडियार इलाके में एक युवती द्वारा टांके में कूद कर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मात्र 12 घंटे के अंदर आरोपी खेमगिरि उर्फ मान गिरी पुत्र मेघ गिरी निवासी गोदारों का तला लीलसर को अहमदाबाद से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया है ।एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि घटना के संबंध में चौहटन राजकीय चिकित्सालय में युवती के परिजन द्वारा एक लिखित रिपोर्ट दी गई कि आरोपी खेमगिरि उसकी भतीजी को पिछले दो महीनों से प्रताड़ित कर रहा था। अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। इस वजह से उसकी भतीजी ने परेशान होकर टांके में कूद कर आत्महत्या कर ली ।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी मीणा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश आर्य, सीओ कृतिका यादव, एसएचओ धनाउ, बीजराड़, थाना प्रभारी चौहटन व डीएसटी को तुरंत घटनास्थल पर भेजा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे परिजनों और ग्रामीणों से समझाइश की गई। मौके की कार्रवाई के बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर युवती की लाश अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपी गई ।इसके साथ ही आरोपी की तलाश के लिए विभिन्न टीमें गठित कर संभावित स्थानों पर रवाना की गई। मौके के हालात, तकनीकी आधार और परंपरागत पुलिसिंग के आधार पर मात्र 12 घंटे के अंदर गठित टीम द्वारा आरोपी को अहमदाबाद से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया है ।पुलिस द्वारा अभी तक की गई पूछताछ में सामने आया कि आरोपी खेमगिरि उर्फ मान गिरी मृतका से अवैध संबंध और शादी करने के लिए मोबाइल फोन पर दबाव बना रहा था। इससे आहत होकर युवती ने आत्महत्या कर ली ।पुलिस टीम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश आर्य, सीओ कृतिका यादव, एसएचओ धनाउ गोविंदराम, एसएचओ बीजराड़ हनुमाना राम, डीएसटी प्रभारी विक्रम सिंह, थाना चौहटन प्रभारी बीजराज सिंह एएसआई, डीएसटी से हैड कांस्टेबल मेहाराम, सीओ कार्यालय से हेड कांस्टेबल गोपी किशन और थाना चौहटन से कांस्टेबल लालाराम शामिल थे।

### सुनीपुर गांव में 30वाँ विशाल हरि कीर्तन दंगल का आयोजन


**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड कि गांव सुनीपुर में विशाल हर कीर्तन दंगल का आयोजन हो रहा है! इसका मूल उद्देश्य हरि परमात्मा का स्मरण,एवं मृत्यु भोज, बाल विवाह, समाज में फैली हुई कुरीतियां पर रोकथाम,पर्यावरण को लेकर सर्व समाज के द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है! 30 वाँ विशाल हरि कीर्तन दंगल का आयोजन दिनांकः- 22 जून 24 से 23 जून 24 तक समय सुबह 8:00 से शाम 7:00 बजे तक हो रहा है!

हरि कीर्तन दंगल में भाग लेने वाली पार्टीयाँ

(1). स्थानीय हरि कीर्तन मण्डल, सुनीपुर (बाड़ी) मेड़िया रोशनलाल मीना (2).हरि कीर्तन मण्डल, उमरेह मेड़िया कमले, जीतू पटवारी,(3).हरि कीर्तन मण्डल, चिलाचौंद (आँगई) मेड़िया रामदास मीना (ऐईएन ) भगवान प्रसाद (4). हरि कीर्तन मण्डल डोली का राजवास, दौसा मेड़िया सीताराम ( एडवोकेट) (5). हरि कीर्तन मण्डल, हल्कारा की झोपड़ी वामनवास मेड़िया शिवलाल मीना।

स्थान : सूजी बाबा का मन्दिर, रा.उ.मा.वि. के पास, सुनीपुर (बाड़ी) धौलपुर (राज.) हो रहा है इस कार्यक्रम में श्री श्री 1008 श्री राधा कृष्ण दास जी महाराज, रामकेश मीणा सरपंच प्रतिनिधि नकसौदा, पातीराम, संतराम मीणा, सरनाम सिंह, संजय सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, बनवारी लाल अध्यापक, दूल्हे राम पूर्व सरपंच, जोहरी लाल मीणा, मोतीलाल मीणा, मानिकचंद, दुल्लाराम, रामभजन, प्रेम सिंह अध्यापक, रमेश चंद्र, आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे!

### जिला कलक्टर ने राजाखेड़ा के सुदूर गांव सिंघावली कलां में की रात्रि चौपाल



**चमकता राजस्था, धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला कलक्टर निधि बीटी ने शुक्रवार को पंचायत समिति राजाखेड़ा के गांव सिंघावली कलां में रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनकर सड़क, बिजली, स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्रामीणा ने जिला कलक्टर को अवगत कराते हुए कहा कि देवदास का पुरा से मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है इस पर जिला कलक्टर ने सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाकर भिजवाने हेतु निर्देश दिया। गांव के युवाओं ने खेल मैदान हेतु भूमि उपलब्ध कराए जाने के परिवाद में उन्होंने तहसीलदार को भूमि आवंटन हेतु प्रस्ताव बनाकर भिजवाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने विद्यालय तक सड़क की मरम्मत कराये जाने के मामले में प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिये और इस दौरान मरहम डालकर अस्थाई रूप से सड़क मरम्मत करा ग्रामीणों को राहत पहुंचाये जाने के निर्देश दिये। 132 केवी लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत में विद्युत आपूर्ति नहीं होने की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए विद्युत लाइन की तीव्र मरम्मत करा विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए। उन्होंने आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त हुए बिजली के खम्भों व ढीलों तारों को कसवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने की मांग पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शीशराम यादव को पात्र लोगों को चिन्हित कर जांच उपरान्त प्रधानमंत्री आवास योजना में आवेदन करवाने के निर्देश दिए। वहीं रात्रि चौपाल में पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने ग्रामीणों को कानून व्यवस्था के बारे में बताते हुए कहा कि जिले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, थानों में आमजन की समस्याएं सुनी जा रही हैं और किसी असमान्य स्थिति में ग्रामीण उनसे सीधा संपर्क कर सकें इस हेतु संपर्क साझा किया। इस अवसर पर उपखंडाधिकारी राजाखेड़ा मनीषा कुमारी मीना, डिप्टी सीएमएचओ चेतराम मीना, डीडी आई सीडीएस भूपेश गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अज़मेर में भाजपाइयों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई सुंदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि

### सादा जीवन उच्च विचार की प्रतिमुर्ति थे स्वर्गीय भंडारी : केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ





**चमकता राजस्थान**

**श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)।** श्रीनगर होटल दाता में जनसंघ के संस्थापक सदस्य सुंदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि पर अजमेर में आयोजित विचार संगोष्ठी में सम्मिलित हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भागीरथ चौधरी, आयोजित गोष्ठी में केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा कि सुंदर भंडारी सादा जीवन, उच्च विचार की प्रतिमूर्ति थे, भंडारी ने अविवाहित रहकर अपना जीवन राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दिया। वे कानपुर में आरएसएस की शाखा में गए, तब से वह अंतिम सांस तक आरएसएस की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध रहें। 1951 में जनसंघ की स्थापना हुई भंडारी ने 1968 से 1977 तक महामंत्री के तौर पर कार्य संभाला। 1977 से 1980 तक वे जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रहें।

**कार्यक्रम में ये भाजपा पदाधिकारी/कार्यकर्तागण रहे मौजूद**

इस दौरान भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी जिला महामंत्री वेदप्रकाश दाधीच, संपत सांखला, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद यादव, सुरेंद्र सिंह शेखावत निगम उपमहापौर नीरज जैन सहित पार्टी के सेकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### खरेरी में हुआ बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण

**चमकता राजस्थान, वैर (राजवीर सिंह)।** विधानसभा के लाडले एवं सर्व समाजसेवी एवं भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष कुँवर पुष्पेंद्र सिंह गोठरा ने दलित एवं वंचितों गरीबों के मसीहा सिंबल ऑफ नॉलेज भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर बी आर अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण में भाग लिया एवं बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला इस अवसर पर कुंवर पुष्पेंद्र गोठरा का साफा एवं माला पहनकर स्वागत सम्मान किया इस अवसर पर पुष्पेंद्र सिंह ने समस्त ग्राम वासियों का एवं नहरे क्षेत्र का आभार एवं अभिनंदन किया इस अवसर पर गोठरा जी ने कहा आपके लिए मैं सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा आप चाहे कभी भी याद करो



# मनोहरथाना पुलिस ने पकड़े अंतर्राज्यीय पारदी गैंग के तीन सदस्य

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/झालावाड़ (खलील कुरैशी)।** झालावाड़ जिला पुलिस ने चोरी, नकबजनी, लूट इत्यादि की घटनाओं में लिप्त अंतर्राज्यीय पारदी गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त लग्जरी गाड़ी अर्टिगा एवं चोरी के चांदी के जेवर बरामद करने में सफलता हासिल की है ।एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि पुलिस की 6 टीमों के 50 सदस्यों ने दिन-रात मेहनत कर आरोपी मुकेश कुमार नायक पुत्र हीरालाल (35) निवासी लड़ानियां थाना खानपुर हाल वार्ड नंबर 20 थाना छबड़ा, अनिल नायक पुत्र राजेंद्र नायक (20) निवासी मढाप थाना सांगोद कोटा ग्रामीण हाल वार्ड नंबर 20 थाना छबड़ा एवं जितेंद्र उर्फ जीतू सुमन पुत्र हरिचरण (25) निवासी आकाश नगर थाना छबड़ा जिला बारां को गिरफ्तार किया हैएसपी तोमर ने बताया कि 13 जून को मनोहरथाना निवासी बनवारी लाल




➲ **पुलिस अधिकारियों व जवानों की 6 टीमों के 50 सदस्यों ने प्राप्त की सफलता**

➲ **300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल गिरोह तक पहुंची पुलिस, घटना में प्रयुक्त लग्जरी वाहन जब्त**

महाजन ने रिपोर्ट दी कि वह जेवर गिरवी रख किसानों को पैसे उधारी पर देता है। इन जेवरों को उसने मकान के नीचे कमरे में एक अलमारी के लॉकर में रखा हैं। रात को अज्ञात बदमाश खिड़की की ग्रिल तोड़कर 50 किलो चांदी के जेवर चुरा ले गये। घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू की गई ।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा व सीओ जरनेल सिंह के सुपरविजन एवं एसएचओ मनोहर थाना अमरनाथ योगी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जिसमें एसएचओ भालता व कामखेड़ा के साथ साइबर सेल व डीएसटी को शामिल किया गया। गठित टीमों द्वारा 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल तकनीकी व मनोवैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर छबड़ा व बनेठ से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए माल में से दो चांदी की कड़ियां व एक चांदी का कड़ा एवं घटना में प्रयुक्त कार जब्त कीमामले में गिरोह के अन्य सदस्यों को भी नामजद किया गया है, जिनकी तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस की टीम गिरफ्तार किये तीनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ में जुटी है।

### बाड़ी उपखंड में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बाड़ी उपखंड स्तर पर एक भव्य योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने की, और शहर के गणमान्य लोगों, स्कूल के विद्यार्थियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। योग प्रशिक्षक अमित मीना ने इस कार्यक्रम में योग के विभिन्न आसनों और उनके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया। राधेश्याम मीणा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। योग प्रशिक्षक अमित मीणा ने विभिन्न योग आसनों का अभ्यास करवाया और उनके लाभों के बारे में बताया। शहर के प्रमुख लोग इस कार्यक्रम में शामिल होकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य योग के लाभों को व्यापक रूप से फैलाना और लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम ने बाड़ी के निवासियों को योग के प्रति प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत लाभदायक और ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने योग प्रशिक्षक अमित मीणा के निर्देशन को सराहा। इस सफल आयोजन के लिए उपखंड अधिकारी, योग प्रशिक्षक और सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया गया। यह कार्यक्रम योग के महत्व को समझाने और उसे दैनिक जीवन में शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## एक नजर

### रामपुर चेक पोस्ट से सदर पुलिस ने 47 लाख रुपये किया जब्त



**किशनगंज।** सदर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान देर शाम रामपुर चेक पोस्ट में एक कार से 47 लाख रुपये जब्त किया है। कार सवार तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। जब्त रुपये को थाना लाया गया है। इसके बाद बैंक के सहयोग से रुपये की गिनती की गई। कुल 47 लाख रुपये थे। वही सूचना मिलने पर बीडीओ सह सीओ आईएएस प्रद्युम्न सिंह यादव सदर थाना पहुंचे। पुलिस इस मामले में आवश्यक जांच पड़ताल कर रही है। सपी सागर कुमार ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि बंगाल के मालदा से सिलीगुड़ी की ओर बड़ी संख्या में कैश ले जाये जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद एक टीम गठित कर कार्रवाई की गई। इस मामले में हिरासत में लिए गए लोगों ने कैश को लेकर किसी प्रकार का साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। साथ ही इससे सम्बंधित किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं सौंपा गया है। पुलिस ने तीन मोबाइल भी जब्त किया है।

### पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार, ठगी में प्रयुक्त सामान बरामद

**नवादा।** नवादा जिले के वारिसलीगंज पुलिस ने शनिवार को पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं अपराधियों के पास से पांच एन्ड्राइट मोबाइल फोन, एक की पैड, 50 कस्टम डाटा बरामद किया है। एसपी अम्ब्रिश राहुल ने शनिवार को कहा कि 21 जून को वारिसलीगंज थाने के कोचगांव में कुछ साइबर अपराधी इक्कट्ठे हुए हैं। जो भोले-भाले नागरिकों को ठगने का काम कर रहे है। पुलिस ने गांव में छापेमारी की तो गांव के पश्चिम में बगीचे में साइबर अपराधी इक्ट्ठा मिले। पुलिस को देखकर 12-13 अपराधी भागने लगे, जिसमें 5 को पुलिस बल ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपनी स्वीकारोक्ति बयान में कहा है कि इन अभियुक्तों द्वारा धनी फाइनेंस के नाम पर फेंक आईडी बनाकर ठगी का काम किया जा रहा था।

### बीएसएफ ने सोने की तस्करी की कोशिश को नाकाम किया

**कोलकाता।** सोने की तस्करी की कोशिश को बीएसएफ ने नाकाम कर दिया। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने करीब ढाई करोड़ रुपये कीमत का 3.4 किलो सोना बरामद किया है। तीन तस्कर गिरफ्तार। पता चला है कि यह घटना नदिया जिले के सीमावर्ती इलाके में हुई। तस्करों की नदिया सीमा के रास्ते बांग्लादेश से भारत में सोने की तस्करी करने की योजना थी। गुप्त सूत्रों से सूचना मिलने के बाद बीएसएफ के जवान अलर्ट पर थे। जवानों ने दो मोटरसाइकिल और एक घरेलू वैन के साथ तीन संदिग्ध लोगों को रोका। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में सोने के बिस्कुट बरामद किये गये। तीन तस्कर नदिया के रहने वाले हैं। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ में पता चला कि सोना बनगांव के एक व्यक्ति को सौंपा जाना था।

### युवा राजद ने सरकार के विरोध में किया धरना प्रदर्शन

**किशनगंज।** आरक्षण रद्द किए जाने व सरकार के विरोध में युवा राजद ने अम्बेडकर टाउन हॉल के समीप शनिवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया । युवा राजद जिलाध्यक्ष शम्स इम्तियाज उर्फ सन्नी की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया। राजद जिलाध्यक्ष शम्स इम्तियाज उर्फ सन्नी ने कहा कि राज्य के सभी जिला मुख्यालय में युवा राजद के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि आरक्षण को रहने दिया जाए। वहीं एमके रिजवी ने कहा कि लंबी मेहनत के नतीजे के बाद जातीय जनगणना की बात सामने आयी थी लेकिन साजिश इसे फिर से समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। हम इसका विरोध करते हैं। किशनगंज सहित सभी जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है। दानिश इकबाल ने कहा कि भाजपा की नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया है।युवा नगर अध्यक्ष मो. अकबर ने कहा कि जिसकी जितनी आबादी है उसके हिसाब से आरक्षण मिलनी चाहिए।

### डीएम, डीडीसी ने कृषि जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवादा ।** डीएम आशुतोष कुमार वर्मा, डीडीसी दीपक कुमार मिश्रा ने शनिवार को संयुक्त रूप से खरीफ महाभियान 2024 एलईडी युक्त किसान जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया गया कि जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण कर किसानों को जागरूक करेगी। कहा गया कि किसान जागरूकता रथ का मुख्य उद्देश्य खरीफ मौसम को लेकर किसानों को जागरूग करने के साथ-साथ जलवायु अनुकूल कृषि, फसल अवशेष प्रबंधन, मिट्टी जांच, यांत्रीकरण, सब्सीडी योजनाओं की जानकारी, आधुनिक फसलों के योजनाओं की जानकारी एवं कृषि से संबंधित अन्य सभी जानकारी लोगों के बीच कराना है। एलईडी युक्त विडियो प्रचार रथ के द्वारा किसानो के बीच उनके क्षेत्रों में जाकर जानकारी दी जाएगी।

# बंगाल में माकपा की युवा शाखा जन संपर्क कार्यक्रम आयोजित करेगी

### अपनी पार्टी की छवि सुधारने के लिए भी जनता की राय मांगेंगे ताकि आने वाले चुनावों में इसका असर दिखे



एजेंसी

**कोलकाता।** हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल में माकपा के एक भी सीट नहीं जीतने के बाद, इसकी युवा शाखा डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) अगले दो महीनों में एक संपर्क कार्यक्रम आयोजित करेगी। डीवाईएफआई के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि अगले दो महीनों के दौरान युवा शाखा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी से उनकी सामान्य अपेक्षाओं के बारे में जनता की राय मांगेंगे। डीवाईएफआई के एक राज्य समिति सदस्य ने कहा कि हम अपनी पार्टी की छवि सुधारने के लिए भी जनता की राय मांगेंगे ताकि आने वाले चुनावों में इसका असर दिखे। हाल ही में हमने देखा है कि हमारे पार्टी कार्यक्रम या रैलियां भारी भीड़ उमड़ती हैं, लेकिन ईवीएम के नतीजों में वही झलक नहीं दिखती। निश्चित रूप से, किसी तरह की विश्वसनीयता की कमी है जो लोगों को हमारे उम्मीदवारों के समर्थन में ईवीएम बटन दबाने से रोक रही है। इसलिए हमें जनता से यह जानना चाहिए कि कमी कहां है। पता चला है कि माकपा की विस्तारित राज्य समिति की बैठक अगस्त के अंतिम सप्ताह में नदिया जिले के कल्याणी में आयोजित की जाएगी। डीवाईएफआई राज्य समिति सदस्य ने कहा कि जन संपर्क कार्यक्रम के निष्कर्ष वहां प्रस्तुत किए जाएंगे। विस्तारित बैठक में संगठनात्मक नेटवर्क में मौजूदा खामियों पर भी चर्चा की जाएगी। माकपा सूत्रों ने कहा कि विस्तारित बैठक में चर्चा के लिए आने वाला एक और महत्वपूर्ण मुद्दा पार्टी की पारंपरिक राजनीति की ओर वापस जाना है। अतीत में प्रमोद दासगुप्ता, सरोज मुखर्जी, सैलेन दासगुप्ता, अनिल और यहां तक कि पश्चिम बंगाल में मौजूदा वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस जैसे नेताओं ने सिर्फ संघटनात्मक मजबूती के लिए काम किया। उन्होंने कभी सीधे चुनाव नहीं लड़ा। उन्होंने अपना पूरा जीवन संगठनात्मक नेटवर्क को सुव्यवस्थित करने में लगा दिया और सीधे चुनाव लड़ने से परहेज किया। माकपा के एक राज्य समिति सदस्य ने कहा कि विस्तारित राज्य समिति की बैठक में इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाएगा कि मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी के किसान और ट्रेड यूनियन विंग किस तरह का आंदोलन चलाएंगे।

### एसएफआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला

**सिलीगुड़ी।** भाजपा और आरएसएस की मदद से नेट और नीट परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ शनिवार को स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने सिलीगुड़ी में विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला भी फूंका। एसएफआई कार्यकर्ता सिलीगुड़ी के हासमी चौक पहुंचे। जिसके बाद हासमी चौक पर विरोध-प्रदर्शन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका। इस मौके पर एसएफआई नेता अंकित दे ने कहा कि नेट और नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार हुआ है। यह भ्रष्टाचार भाजपा और आरएसएस के मदद से की गई है। केंद्रीय विद्यार्थियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। वहीं, उन्होंने कहा कि एसएफआई केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करता है।

### सियालदह स्टेशन का प्लेटफॉर्म नंबर 1, 2 और 5 से 12 डिब्बे वाली लोकल ट्रेन शुरू हुई

संवाददाता

**कोलकाता।** सियालदह स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1, 2 और 5 से 12 डिब्बे वाली लोकल ट्रेनें शुरू हुईं। शनिवार से इन तीनों प्लेटफार्म से 12 डिब्बे वाली ट्रेनें रवाना होने लगी हैं। और कुछ ही दिनों में प्लेटफॉर्म 3 और 4 के विस्तार का काम पूरा हो जाएगा। रेलवे ने कहा कि उन दोनों प्लेटफॉर्म से 12 कोचों की लोकल आवाजाही शुरू होगी। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, सियालदह डिवीजन में हर दिन करीब 892 लोकल ट्रेनें चलती हैं। लेकिन प्लेटफॉर्म की लंबाई कम होने के कारण सियालदह स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 1 से 5 तक 12 कोच वाली ट्रेनें नहीं चल सकीं। इससे पहले, प्लेटफॉर्म 6 और 7 से केवल 12 डिब्बे वाली लोकल ट्रेनें संचालित होती थीं। 12 डिब्बे वाली लोकल ट्रैन शनिवार से प्लेटफार्म नंबर 1, 2 और 5 से शुरू हो गई। पूर्वी रेलवे की सियालदह शाखा पर ट्रेनों की तीन लाइनें चलती हैं। सियालदह दक्षिण, सियालदह मेन यानी सियालदह-राणाघाट-कृष्णानगर और सियालदह उत्तर यानी सियालदह-बनगांव डिवीजन। इसमें से सियालदह दक्षिण की सभी ईएमयू ट्रेनों को 12 डिब्बों वाली बनाया गया था, लेकिन अन्य दो खंडों की सभी ट्रेनें 12 डिब्बों वाली नहीं थीं। बल्कि अधिकतर रेलगाड़ियाँ नौ डिब्बे वाली थीं। रेलवे का उद्देश्य सियालदह की सभी शाखाओं पर 12 डिब्बे वाली ट्रेनें चलाना था। अधिकारियों का कहना है कि इसे कुछ महीनों में पूरा कर लिया जाएगा। शनिवार को उन्होंने बताया कि यात्रियों को ध्यान में रखते हुए प्लेटफॉर्म संख्या 1 से 5 तक का विस्तार किया गया है। इनमें से प्लेटफार्म 3 और 4 का विस्तार जल्द ही पूरा हो जाएगा। इनमें प्लेटफार्म नंबर 1, 2 और 5 पर शनिवार से 12 कमरों वाली ट्रेनें शुरू कर दी गई हैं। रेलवे की गणना के मुताबिक, 12 कोच वाली ट्रेन शुरू होने पर करीब एक हजार अतिरिक्त यात्री यात्रा कर सकेंगे। ट्रेन में सीटों की संख्या भी करीब 25 फीसदी बढ़ जाएगी।

### स्मार्ट मौसम और वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली 'आईईएमए एनवायरो सेंस' लॉन्च



संवाददाता

**कोलकाता।** आईईएमए रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने पर्यावरण निगरानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए हाल ही में एक उन्नत स्मार्ट मौसम और वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली एनवायरो सेंस ' लॉन्च किया है। आईईएमए एनवायरो सेंस उपयोगकताओं को तापमान, आर्द्रता, हवा की गति और दिशा, बैरोमीटर का दबाव और पीपीएम 1.0, पीपीएम 2.5 और पीपीएम 10 सहित वायु गुणवत्ता सूचकांक जैसी महत्वपूर्ण बाहरी स्थितियों पर सटीक और वास्तविक समय डेटा प्रदान करता है। यह सिस्टम मॉनिटरिंग के अलावा मौसम पूवार्नुमान और चेतावनी तंत्र भी प्रदान करती है जो सूचित निर्णय लेने में सहायता करती है। शहरी योजनाकारों, किसानों और व्यक्तियों के लिए आदर्श, आईईएमए एनवायरो सेंस मौसम परिवर्तन की भविष्यवाणी करने और वायु गुणवत्ता रुझानों का पूवार्नुमान लगाने के लिए उन्नत एआई तकनीक का उपयोग करता है । यह सुनिश्चित करता है कि उपयोगकर्ता पर्यावरणीय परिस्थितियों पर सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया दे सकें। इस प्रणाली को साल्ट लेक और न्यूटाउन, कोलकाता में तैनात किया गया है, जो अयान कुमार पांजा, सौविक चटर्जी, अमर्त्य मुखर्जी, ऋषित चक्रवर्ती और समीरन चक्रवर्ती सहित आईईएमए टीम के नवाचार को प्रदर्शित करता है। आईईएमए रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती ने कहा हम आईईएमए एनवायरो सेंस को पेश करते हुए रोमांचित हैं।

### कार्यों को पोर्टल पर अपलोड करने के लिए अररिया केवीके को मिला प्रथम पुरस्कार



एजेंसी

**अररिया।** अररिया कृषि विज्ञान केंद्र को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर एवं अटारी पटना द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र अररिया में किए गए कार्यों को पोर्टल पर अपलोड करने के लिए पूरे बिहार में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार 21 जून 2024 शुक्रवार को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर में आयोजित 26वां एक्सटेंशन काउंसिल मीटिंग में अटारी पटना के निदेशक एवं बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के कुलपति द्वारा संयुक्त रूप से कृषि विज्ञान केंद्र अररिया के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ विनोद कुमार को दिया गया। यह पुरस्कार कृषि विज्ञान केंद्र अररिया द्वारा बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर अंतर्गत सभी कृषि विज्ञान केंद्र से अधिक किसान कल्याणकारी योजना को करने के उपरांत उसे पोर्टल पर अपलोड करने के लिए दिया गया। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ विनोद कुमार ने अपने सभी सहयोगी एवं जिले के किसानों को धन्यवाद दिया और कहा कि इस तरह के पुरस्कार प्राप्त होने से किसानों के लिए और अधिक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

## कोलकाता में एक और भयानक आग गार्स्टिन प्लेस की ऊंची इमारत स्वाहा



संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता में फिर लगी आग। बैंकशाल कोर्ट के पास बीबीडी बाग स्थित गारस्टिन प्लेस में शनिवार सुबह बहुमंजिला में आग लग गई। घटनास्थल पर दमकल की 8 गाड़ियां। कथित तौर पर सूचना मिलने के करीब 30-40 मिनट बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। बीबीडी बाग स्थित गारस्टिन प्लेस नंबर 5 स्थित एक पुराने मकान में शनिवार भोर करीब साढ़े तीन बजे आग लग गई। घर काफी घने इलाके में है। नतीजा यह हुआ कि आग तेजी से फैल गई। पूरा इलाका काले धुएं से ढका हुआ था। घर के अंदर से बार-बार धमाकों की आवाज भी सुनी गयी। स्थानीय लोगों का दावा है कि सूचना दिए जाने के बावजूद फायर ब्रिगेड करीब 30-40 मिनट बाद मौके पर पहुंची। मौके पर दमकल की 8 गाड़ियां पहुंचीं। करीब दो घंटे आग बुझाने का काम चला। उस बहु मंजिला में कम से कम 20-25 परिवार रहते हैं। निवासियों को हटा दिया गया। आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि आग की वजह से दीवार में दरार आ गई है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बहुमंजिला इमारत में आग कैसे लगी। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। कांग्रेस पार्षद संतोष पाठक उसी इलाके के रहने वाले हैं। वह मौके पर थे। कांग्रेस पार्षद ने आरोप लगाया कि उस बहु मंजिला ईमारत में केमिकल का गोदाम है। इसीलिए आग लगी है। और यह तेजी से फैल गया। कांग्रेस पार्षद ने फायर ब्रिगेड पर देर से मौके पर पहुंचने का भी आरोप लगाया। मालूम हो कि 14 जून को कसबा के मशहूर शॉपिंग मॉल एक्रोपोलिस में आग लग गयी थी। आग बुझाने की व्यवस्था पर्याप्त थी या नहीं, इसकी जांच चल रही है। कुछ दिन पहले कैमक स्ट्रीट पर एक बंद रेस्तरां में भी आग लग गई थी। घटना शांत होते ही एक बार फिर बीबीडी बाग में लगी आग से स्थानीय लोग भयभीत हो गये।

### करीब 10 हजार करोड़ रुपये का है बंगाल का राशन वितरण भ्रष्टाचार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल का राशन वितरण भ्रष्टाचार का मामला करीब 10 हजार करोड़ रुपए का है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी एक लिखित रिपोर्ट में यह दावा किया है। ईडी के एक सूत्र ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने जिन 10 हजार करोड़ रुपये का पता लगाया है, उनमें से एक हजार करोड़ रुपये मामले में गिरफ्तार व्यवसायी बकीबुर रहमान के स्वामित्व वाली कॉर्पोरेट संस्थाओं और चावल मिलों के माध्यम से भेजे गए थे। राशन वितरण मामले में पिछले साल ईडी अधिकारी द्वारा गिरफ्तार किए जाने वाले पहले व्यक्ति रहमान पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के विश्वासपात्र थे। शेष नौ हजार करोड़ रुपये के बारे में, ईडी ने बताया है कि उनके अधिकारी वर्तमान में अन्य कॉर्पोरेट संस्थाओं या चैनलों के बारे में कड़ियों को जोड़न की प्रक्रिया में हैं, जिनके माध्यम से धन भेजा गया था।

## आईसीएआई का अंतर्राष्ट्रीय सीए छात्र सम्मेलन




संवाददाता

**कोलकाता।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ईस्ट इंडिया रीजनल काउंसिल (ईआईएआरसी) और ईस्ट इंडिया चार्टर्ड अकाउंटेंट स्टूडेंट्स एसोसिएशन (ईआईसीएसए) ने कोलकाताके बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय सीए छात्र सम्मेलन आयोजित किया। क्रिएशन फ्रॉम विजन नामक इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में 2,500 से अधिक छात्रों और आईसीएआई अध्यक्ष सीए जैसे गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अंतर्राष्ट्रीय सीए सम्मेलन में उपाध्यक्ष सीए रंजीत कुमार अग्रवाल,चरणजोत सिंह नंदा और भारत और विदेश से कई अन्य लोगों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक लेखांकन छात्र समुदाय के बीच रचनात्मक सोच विकसित करना और दृष्टिकोण को व्यापक बनाना है।

### वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पंहुचे किशनगंज, कहा

# आश्रम का कार्य संपूर्ण देश में करने की जरूरत

एजेंसी

**किशनगंज।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अतुल योग प्रवास कार्यक्रम के तहत किशनगंज पहुंचे। प्रवास कार्यक्रम के तहत ठाकुरगंज के चुरली, एवं पोठिया के टीपीझाड़ी का उन्होंने दौरा किया। वही वनवासी कल्याण आश्रम बाबा तिलका मांझी छात्रावास फरिगोंला में नगर एवं जिला समिति की एक बैठक जिला सचिव गौतम पोद्दार की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक की विधिवत शुरूआत बाला साहेब देश पांडे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सरस्वती वंदना के साथ हुई। बैठक में संगठन मंत्री दुर्गा उराव ने विगत एक वर्ष में हुए कार्य का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में सचिव गौतम पोद्दार ने वनवासी कल्याण आश्रम के छात्रों को सुव्यवस्थित रूप से चलाने के लिए नगर के तमाम पालक सदस्यों के बारे में अवगत कराया तथा सहयोग की अपेक्षा का अनुरोध किया। बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री अतुल योग ने कहा कि वर्ष 2011 के जनगणना में कुल 10 करोड़ 48 लाख इनकी जनसंख्या थी जो अब बढ़कर लगभग 12 करोड़ से अधिक हो गई है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा वनवासी आबादी वाला देश है। भारत में कुल 750 प्रकार के जनजाति हैं जैसे संथाल, पहाड़िया, उरांव इत्यादि है। आगे उन्होंने कहा भारत में केवल तीन राज्य ऐसे हैं जहां



जनजाति समाज नहीं है दिल्ली, हरियाणा, और पंजाब बाकी सभी राज्यों में जनजाति समाज है। उन्होंने कहा की 26 दिसंबर 1952 को आश्रम का काम, बालासाहेब देशपांडे ने छत्तीसगढ़ के जशपुर में शुरू किया। वर्ष 1975 में आपातकाल लगा तथा संघ में प्रतिबंध लगा एवं वनवासी आश्रम के सभी लोग जेल गए 52 से लेकर 77 तक जशपुर जिला तक ही यह काम सीमित रहा, शिक्षा के क्षेत्र में मेडिकल के क्षेत्र में, छात्रावास का काम चलता रहा, यह एक प्रकार से अनुभव प्राप्त हुआ तब बालासाहेब देशपांडे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उसे समय के सर संघचालक मधुकर दत्तात्रेय बालासाहेब देवरस से मिलने गए तब उन्होंने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम का कार्य संपूर्ण देश में करने की जरूरत है। इसी के दरमियान बिहार में कामेश्वर तिवारी वर्ष 1978 में जो की एक होम्योपैथी डाक्टर से 25 पैसे लेकर मरीज को देखते थे बिहार में कल्याण आश्रम का काम शुरू किया। कल्याण आश्रम सेवा करने वाली संस्था है। पूरे देश में 241 छात्रावास है जहां 10 हजार से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। इन छात्रावास से पढ़ कर देश में बहुत सारे बच्चे इंजीनियर डाक्टर प्रोफेसर बैंकिंग के क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे हैं।

## पीएचईडी के अधिकारी व कर्मी की कार्यशैली से परेशान हैं डीएम डीडीसी

एजेंसी

**नवादा ।** नवादा जिले में जल संकट निदान की दिशा में सही तरीके से काम नहीं करने को लेकर आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी नवादा एवं दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त नवादा ने शनिवार को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कनीय अभियंता शूडू कुमार अनुपस्थित पाए गए। शूडू कुमार पर जिलाधिकारी ने कार्रवाई करने का निर्देश दिया। रोस्टर के अनुसार कार्यालय परिचारी का ड्यूटी लगा हुआ था जिस पर जिलाधिकारी ने काफी



नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कनीय अभियंता को रहते हुए चतुर्थ वर्ग के कर्मी का ड्यूटी क्यों लगाया जा रहा है। इसी दरमियान शूडू कुमार अपने कार्यालय में उपस्थित हुए । जिलाधिकारी ने कहा अभी काफी गर्मी पड़ रही है, जिससे नवादा जिला के अधिक स्थानों पर पेयजल की समस्या बढ़ा हुआ है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि पेयजल की समस्या को लेकर कार्य योजना बनाकर पेश करें। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शिकायत पंजी पर शिकायत दर्ज था लेकिन उसका निष्पादन नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि जितनी भी शिकायतें आती हैं, सबका ससमय निष्पादन करें एवं पंजी पर संधारण करें। जिलाधिकारी ने नियंत्रण कक्ष को प्रभावी करने का निर्देश दिए। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात तो यह है कि खराब चपकालों की मरम्मती सही तरीके से नहीं की जा रही है।जिस कारण भी नवादा जिले में जल संकट गहराता जा रहा है।



# काम्या पंजाबी ने इश्क जबरिया में अपने किरदार के बारे में किया खुलासा

**काम्या पंजाबी टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना चेहरा है। इन दिनों वह सीरियल इश्क जबरिया में मोहिनी के किरदार में नजर आ रही हैं। उन्होंने शो के यूनिक कॉन्सेप्ट के बारे में खुलकर बात की और अपने किरदार के बारे में खुलासा किया।**

इश्क जबरिया सामाजिक मुद्दे पकड़वा विवाह पर आधारित है। शो के कॉन्सेप्ट के बारे में बात करते हुए काम्या ने कहा कि मैं नए शो पर काम करने को लेकर एक्साइटेड हूं, जो हमारे देश में मौजूद एक सामाजिक मुद्दे पर आधारित है। इश्क जबरिया के साथ, हम कोई बदलाव करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम इस समस्या को मनोरंजक तरीके से दिखा रहे हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं टीम के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं, और दोनों लीड एक्टर्स सिद्धि शर्मा और लक्ष्य खुराना अद्भुत कलाकार हैं, और वे शानदार काम कर रहे हैं। काम्या ने अपने किरदार मोहिनी के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इसमें कई उतार-चढ़ाव होंगे। मेरे किरदार के कई रूप हैं। मैं अपनी इस भूमिका को पिछले किरदारों से अलग बनाने और स्क्रीन पर कुछ नया लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हूं। इश्क जबरिया प्यार, मजबूती और सामाजिक बाधाओं के खिलाफ दिल को छू लेने वाली कहानी है। इसकी शूटिंग बिहार के बेगूसराय में हो रही है। यह गुलकी (सिद्धि शर्मा) की कहानी है, जो एयर होस्टेस बनना चाहती है, लेकिन उसकी सौतेली मां उसके सपनों के बीच रूकावट पैदा करती है। शो में काम्या पंजाबी, सिद्धि शर्मा और लक्ष्य खुराना लीड रोल में हैं। इश्क जबरिया सन नियो पर प्रसारित होता है।काम्या ने अपने करियर में नेगेटिव किरदार ज्यादा निभाए हैं। वह रेत, अस्तित्व-एक प्रेम कहानी और बनूं मैं तेरी दुल्हन में वैंप को रोल किया। वह अंबर धारा, पिया का घर, डोली अरमानों की, मर्यादा-लेकिन कब तक, शक्ति जैसे सीरियल्स में भी नजर आई।

उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों कहो ना प्यार है, ना तुम जानो ना हम, यादें और फिर भी दिल है हिंदुस्तानी जैसे फिल्मों में भी काम किया। उन्होंने कई बड़े ब्रांड्स के लिए ऐड भी किए।



# मलाइका ने आलोचकों को दिया जवाब, बोलीं मैं जो भी हूं यही हूं


मलाइका अरोड़ा बॉलीवुड की बोल्ड और बेबाक अभिनेत्री हैं। मलाइका अरोड़ा कोई भी बात को बेलौस कहना जानती हैं और वे अपनी जिंदगी से जुड़े फैसले डंके की चोट पर लेती हैं।

वहीं मलाइका अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी कुछ सुंदर तस्वीरों को अपने फैंस के संग साझा किया है। अपनी फोटो को साझा करते हुए मलाइका अरोड़ा ने लिखा है, 'मैं पूरी जिंदगी आलोचनाओं को झेलती आई हूं। मलाइका आगे लिखती हैं, 'मैं आलोचनाओं से परेशान नहीं होती हूं, मैंने सब सह-सह कर अपना करियर बनाया है और मैं जो भी यही हूं मलाइका अरोड़ा की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

# किरदार के लिए समझौता नहीं किया जा सकता

शैतान, हंटर, गन्स एंड गुलाब्स, दहाड़ और अन्य में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर एक्टर गुलशन देवैया ने कला की दुनिया में नैतिकता पर अपनी राय शेयर की। गुलशन ने कई शानदार फिल्मों में ग्रे शेड वाले किरदार निभाए हैं। दिबाकर बनर्जी की घोस्ट स्टोरीज में नरभक्षी की भूमिका से लेकर 4 कट आत्माराम नामक कसाई कॉन्ट्रैक्ट किलर की भूमिका तक, एक्टर ने सभी किरदार बखूबी निभाए हैं। एक्टर के अपने कुछ नैतिक मूल्य हैं जिनके बारे में उन्होंने कहा कि किसी भी किरदार के लिए उनसे समझौता नहीं किया जा सकता। गुलशन ने बताया कि नैतिकता का विषय बहुत व्यक्तिपरक है। कला की दुनिया में नैतिकता का पता लगाना और उसके बारे में बात करना एक मुश्किल काम है। मैं इस पर अपना निश्चित और बहुत स्पष्ट दृष्टिकोण रख सकता हूं, क्योंकि मैंने इस बारे में सोचा है। मेरे पास नैतिकता का अपना सेट है जो कभी-कभी किसी विशेष चरित्र के रास्ते में आ सकता है। उन्होंने आगे बताया कि मैं शायद उन भूमिकाओं को न अपनाऊं जो मेरी नैतिकता से टकराती हैं और मैं खुद को गुलशन के रूप में उस भूमिका में पेश नहीं कर पाऊंगा। अगर मैं उसके लिए तैयार नहीं हूं तो उसमें प्रामाणिकता और दृढ़ विश्वास की कमी नजर आएगी।





# बचपन के सपने को जी रहे हैं रोहित शेट्टी!

रोहित शेट्टी इन दिनों अपने शो खतरों के खिलाड़ी 14 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। झरोहित शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी कुछ फोटो को अपने फैंस के संग साझा किया है। रोहित शेट्टी ने तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा है, मैं अपने शो खतरों के खिलाड़ी में एकदम रियल स्टंट करवाता हूं और मेरे शो की यही खासियत है। रोहित शेट्टी आगे लिखते हैं, जब मैं छोटा था तब स्टंट मैन बनना चाहता था और खतरों के खिलाड़ी के शो में मैं अपने उस सपने को जी रहा हूं। रोहित शेट्टी एक तस्वीर में ट्रक के ऊपर खड़े नजर आ रहे हैं जिसमें आग लगा हुआ है। रोहित शेट्टी के इस पोस्ट पर अभिनेत्री जैकलीन ने कमेंट करते हुए कई इमोजी पोस्ट किए हैं, सोशल मीडिया पर उनका यह पोस्ट काफी वायरल हो रहा है।

# इश्क विश्क रिबाउंड फिल्म को क्यों कहा हां पश्मीना ने किया खुलासा



सुपरस्टार ऋतिक रोशन की कजिन पश्मीना रोशन अपकमिंग रोमांटिक कॉमेडी इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। यह फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि आखिर क्यों उन्होंने इस फिल्म को साइन किया। इस फिल्म को डायरेक्ट निपुण धर्माधिकारी ने किया है। पश्मीना ने बताया कि किस वजह से उन्होंने इस फिल्म को हां कहा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, ऐसी आइकोनिक फ्रेंचाइजी के साथ काम करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। यह एक रोमांटिक फिल्म है और मेरी पसंदीदा शैली रोमांस और रोमांटिक कॉमेडी है। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारी जनरेशन के यूथ लव को दिखाता है। इसलिए इस प्रोजेक्ट को करना, कुछ ऐसा है जिससे हम सभी बहुत ज्यादा कनेक्ट होते हैं। भले ही ऐसी चीजें हमारे लाइफ में न हुई हो, जिनसे हमारा कैरेक्टर गुजरा है। लेकिन यह थीम जुड़ाव महसूस कराता है। इसे एक बेहतरीन शुरुआत बताते हुए पश्मीना ने कहा, जैसे-जैसे चीजें आगे बढ़ीं, म्यूजिक आया, हमारे साथ बहुत अच्छा ट्रीट किया गया, हमारा बहुत ख्याल रखा गया... यह मेरा डेब्यू है और मुझे लगता है कि यह एकदम सही है... मेरे लिए सब कुछ सही रहा। पश्मीना ने कहा कि उन्हें कोई...मिल गया के सेट पर सिनेमा के प्रति लगाव अधिक बढ़ा। पश्मीना ने कहा कि मैं और मेरी बहन सुरनिका सेट पर जाते थे, और यह हमारे लिए धरती पर सबसे खुशनुमा जगह हुआ करती थी। हमें ऐसा लगता था कि हमें अब कभी घर वापस जाने के लिए न बोला जाए। यहीं से मैंने सीखा कि मुझे सेट पर रहना अच्छा लगता है। मैंने स्कूल में थिएटर किया था। मेरी एक बहुत अच्छी टीचर मिसेज अमला थीं, जो काम के प्रति इतनी पैशनेट थी कि उन्होंने हममें भी वह पैशन भर दिया। मुझे लगता है कि उस क्लास का हर कोई क्रिएटिव फील्ड में चला गया है, और इसका काफी श्रेय उन्हें जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन दो उदाहरणों से मुझे पता चला कि परफॉर्मिंग आर्ट्स में होना कैसा होता है। मुझे हमेशा लगता था कि मैं किसी और चीज से ज्यादा एक कलाकार हूं और यही बात मुझे सबसे ज्यादा खुशी देती है।पश्मीना ने आगे बताया कि उन्हें अपने बड़े भाई ऋतिक से क्या सलाह मिली है।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब मैं यह तय कर रही थी कि मुझे मार्केटिंग में अपना करियर बनाना चाहिए या नहीं। मैं खुद को लेकर कंफ्यूज थी कि मैं इस फील्ड में रहने के लिए अच्छी हूं या नहीं। उस वक्त, न केवल ऋतिक, बल्कि मेरे परिवार के सभी लोगों ने मुझे सलाह दी कि अगर आप हर दिन अपना मन किसी काम में लगाते हैं और वह काम करते रहते हैं तो आप जो चाहें हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी बात है जिसे मैं सिर्फ फिल्मों के लिए ही नहीं, बल्कि जो कुछ भी काम मैं करती हूं, उसके लिए अपनाती हूं। अगर मैं कुछ करना चाहती हूं, तो मैं उसे पूरी लगन से करने की कोशिश करती हूं। मैं अपने गोल तक चलकर या दौड़कर जाऊंगी, अगर मैं दौड़ नहीं सकती, तो मैं रेंगकर जाऊंगी। यही सलाह मुझे दी गई और यही मैंने उन्हें करते देखा है।

# द टुनाइट शो विद जिमी फॉलन में आना सपने के सच होने जैसा

**पंजाबी सिंगर व एक्टर दिलजीत दोसांझ अमेरिका के पॉपुलर टॉक शो द टुनाइट शो विद जिमी फॉलन में नजर आने वाले हैं। उन्होंने इस एक्सपीरियंस को दुनिया भर के सभी पंजाबी म्यूजिक लवर्स के लिए सपने के सच होने जैसा बताया।**

दिलजीत इस आइकोनिक लेट-नाइट शो में परफॉर्म करने वाले पहले इंडियन आर्टिस्ट हैं। दिलजीत ने कहा, द टुनाइट शो में इनवाइट किया जाना सम्मान की बात है। मैं अपने म्यूजिक और पंजाबी कल्चर को ग्लोबल ऑडियंस के साथ शेयर करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। एक्टर ने कहा- यह न केवल मेरे लिए, बल्कि दुनिया भर के सभी पंजाबी म्यूजिक लवर्स के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। इससे पहले जिमी फॉलन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर द टुनाइट शो विद जिमी फॉलन की बिहाइंड द सीन रील शेयर की, जिसमें दिलजीत बतौर गेस्ट नजर आए। वीडियो में दोनों मस्ती करते नजर आ रहे हैं। दिलजीत जिमी को पंजाबी सिखाते हैं।

दिलजीत मूंछों पर ताव देकर बोलते हैं, पंजाबी आ गए ओए... जिमी भी इसको रिपीट करते हैं। फिर दिलजीत उन्हें सत श्री अकाल बोलना सिखाते हैं, जिसे वह सही तरीके से दोहराते हैं। इस पर दिलजीत के मुंह से वाह निकलता है। इस रील को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में भी सत श्री अकाल लिखा। रील पर कमेंट करते हुए एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस ने लिखा, मेरे लिए ये ओए ही था। वहीं पुरस्कार विजेता निर्माता गुनीत मोंगा ने कमेंट में लिखा, पंजाबी। फॉलन ने एक और वीडियो शेयर किया है, जिसमें दोनों को ग्लव्स बदलते हुए देखा गया। बैकग्राउंड में दिलजीत का ट्रैक बॉर्न टू शाइन प्ले हो रहा है। दिलजीत ने शो की शुरुआत में बॉर्न टू शाइन समेत कई चार्ट-टॉपिंग हिट गाने गाए। दिलजीत जल्द ही जट्ट एंड जूलियट 3 में दिखाई देंगे। इसमें उनके साथ नीरू बाजवा नजर आएंगी। यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।




# क्या इन फिल्मों से छूटेगा अक्षय कुमार का फ्लॉप से पीछा



अक्षय कुमार की पिछली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल देखने को मिला था। टिकट खिड़की पर आलम यह था कि जैसे-जैसे दिन गुजर रहे थे, वैसे-वैसे फिल्म दर्शकों के लिए तरसती जा रही थी। इससे पहले उनकी मिशन रानीगंज भी फ्लॉप हुई थी। राम सेतु का भी यही हाल हुआ था और सेल्फी तो बहुत बुरी तरह से धड़ाम हुई थी। इस साल अक्षय कुमार की आने वाले फिल्मों में सरफिरा, खेल खेल में, वेलकम टू द जंगल और स्काई फोर्स शामिल हैं। वो सिंघम अगेन में भी नजर आएंगे, लेकिन फिल्म के मुख्यत- अजय देवगन के किरदार के ही इर्द-गिर्द घूमने की संभावना ज्यादा है। अब देखना होगा कि इनमें से कौन सी ऐसी फिल्म होगी, जो अक्षय का फ्लॉप से पीछा छुड़ाएगी।

## सरफिरा





आने वाले दिनों में सबसे पहले सरफिरा रिलीज होगी। इसे 12 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। यह सूर्या अभिनीत फिल्म 'सोरारई पोटरु' का हिंदी रीमक है। इस फिल्म का निर्देशन भी सुधा कोंगरा ने किया था और हिंदी रीमेक को भी उन्होंने ही डायरेक्ट किया है। सरफिरा में अक्षय कुमार के साथ-साथ राधिका मदान और परेश रावल भी नजर आएंगे। इस फिल्म का मुकाबला कमल हासन की इंडियन 2 से होने वाला है।

## खेल खेल में

जुलाई का महीना खत्म होते ही अक्षय कुमार की एक और फिल्म खेल खेल में रिलीज होगी। यह 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में तापसी पन्नू, वाणी कपूर, फरदीन खान और आदित्य सील ने भी अभिनय किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म के सामने भी चुनौती कम नहीं है, क्योंकि जॉन अब्राहम की वेदा और राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 भी इसी दिन रिलीज होगी।

## स्काई फोर्स



अक्तूबर महीने में स्काई फोर्स रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन संदीप केलवानी ने किया है। यह एक एक्शन फिल्म है, जो भारतीय सेना द्वारा की गई पहली एयर स्ट्राइक पर आधारित है। इसे 2 अक्तूबर, 2024 को रिलीज किया जाएगा। फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा वीर पहाड़िया ने भी काम किया है।

## वेलकम टू द जंगल

साल के आखिरी महीने यानी दिसंबर मे वेलकम टू द जंगल रिलीज होगी। इसक निर्देशन अहमद खान ने किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जो वेलकम फ्रेंचाइजी क तीसरा भाग है। वेलकम टू द जंगल एक मल्टीस्टारर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार के अलावा अरशद वारसी, लार दत्ता, जॉन अब्राहम, परेश रावल, रवीन टंडन और दिशा पाटनी समेत कइ कलाकार नजर आएंगे। हालांकि, मीडिय रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म क रिलीज की तारीख बदली जा सकती है और यह 2025 तक खिसक सकती है



# एक नजर

## पर्यटकों का लगा तांता, 90 फीसदी होटल पैक



**शिमला।** समर सीजन में पहाड़ों की रानी शिमला में सैलानियों का तांता लगा हुआ है। मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए भारी संख्या में सैलानी शिमला पहुंच रहे हैं। इस वीकएंड पर शिमला में सैलानियों की खूब भीड़ उमड़ी है। यहां का ऐतिहासिक मॉलरोड पर्यटकों की चहल-पहल से गुलजार है। सुबह से ही पर्यटक रिज मैदान और मालरोड पर घूमने निकलने शुरू हो गए हैं। सैलानियों की आवाजाही बढ़ने से शहर के पर्यटन कारोबारी खासे उत्साहित हैं। तपिश से राहत पाने के लिए पर्यटक कुफरी, नारकंडा, मशोबरा, नालदेहरा का भी रुख कर रहे हैं। इससे शहर में जाम की स्थिति बन रही है। पर्यटकों का कहना है कि शिमला का मौसम काफी सुहावना है। ऐसे में घूमने का आनंद आ रहा है।

## रेलवे 1250 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में लगाएगा अतिरिक्त कोच, यात्रियों को मिलेगी राहत

**मुरादाबाद।** रेल यात्रियों को सुविधा युक्त यात्रा के लिए 1250 मेल और एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाएगा। केंद्र सरकार मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में सामान्य श्रेणी कोच (जनरल कोच) की संख्या बढ़ाने जा रही है। मुरादाबाद रेल मंडल के एक अधिकारी ने बताया कि इसके तहत 2500 सामान्य कोच का अतिरिक्त उत्पादन करने का फैसला किया गया है। इससे सामान्य बोगियों में सालाना अतिरिक्त 18 करोड़ से अधिक यात्री सफर कर सकेंगे। बीते महीनों में सोशल मीडिया पर स्लीपर व सामान्य श्रेणी कोच में भारी भीड़ के वीडियो वायरल होने के मामले का रेल मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। तीन दिन पूर्व रेलवे बोर्ड ने मंगलवार की बैठक में 2500 सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच उत्पादन का फैसला किया है। कोच रेलवे के प्रति वर्ष कोच उत्पादन प्रोग्राम के अतिरिक्त होंगे।

## बांग्लादेश : पूर्व पीएम खालिदा जिया की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया के अचानक बीमार पड़ने के बाद शनिवार तड़के उन्हें राजधानी के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया। खालिदा के निजी चिकित्सक प्रोफेसर एजेडएम हुसैन के मुताबिक, शनिवार तड़के तीन बजे उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती कराया गया है। 79 वर्षीय खालिदा जिया लंबे समय से विभिन्न गंभीर बीमारियों से जूझ रही हैं, जिनमें लिवर सिरोसिस, गठिया, मधुमेह और किडनी, फेफड़े और हृदय से संबंधित समस्याएं शामिल हैं। 2020 में जेल से सशर्त रिहाई के बाद से बीएनपी प्रमुख को हृदय रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर शहाबुद्दीन तालुकदार की अध्यक्षता में मेडिकल बोर्ड की देखरेख में चिकित्सा देखभाल मिल रही है।

## शिविर पर बड़ा हमला, 22 लोगों की मौत, 45 घायल, रेडक्रॉस कार्यालय को भी नुकसान

**जेनेवा।** राफा शहर के उत्तरी हिस्से में फिलिस्तीनी विस्थापितों के बीच राहत कार्यों में जुटे रेडक्रॉस का कार्यालय भी शुक्रवार को एक हमले में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। विस्थापितों से घिरे इस इलाके में दागे गए गोले में 22 लोगों की मौत हो गई है। इस दौरान घायल 45 लोगों को रेडक्रॉस फील्ड अस्पताल ले जाया गया। रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति के मुताबिक 21 जून को एक हमले में 22 लोग मारे गए। हमले में रेडक्रॉस का गाजा स्थित कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गया। रेडक्रॉस का यह कार्यालय तंबुओं में रह रहे सैकड़ों विस्थापित लोगों से घिरा हुआ है। हालांकि आईसीआरसी ने यह नहीं बताया कि हमले के लिए कौन जिम्मेदार है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उसकी तरफ से जारी की गई जानकारी में कहा गया कि हमले के दौरान दागे गए गोले से आईसीआरसी कार्यालय की इमारत को नुकसान पहुंचा है। गोलाबारी के बाद 22 शव और 45 घायलों को रेडक्रॉस फील्ड अस्पताल ले जाया गया। हमास द्वारा संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से भी कहा गया है कि गोलाबारी में 25 लोग मारे गए और 50 घायल हुए। हमले के लिए हमास ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया। मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि इजरायली गोलाबारी ने अल-मवासी क्षेत्र में विस्थापितों के तंबुओं को निशाना बनाया जो आईसीआरसी बेस के आसपास है।

## तमंचा व कारतूस के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा

**हरिद्वार।** लक्सर में चेकिंग के दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक तमचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक लक्सर कोतवाली पुलिस क्षेत्र में चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति घूमता नजर आया। शक होने पर पुलिस ने आरोपित की तलाशी ली। उसके पास एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम नितिन कश्यप पुत्र जयभगवान निवासी ग्राम भोगपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# समय पर और बिना त्रुटि के हर उपभोक्ता के घर तक पहुंचाएं बिजली का बिल : योगी

**लखनऊ। एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ऊर्जा विभाग की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभाग की ओर से प्रस्तुत किये गये प्रजेंटेशन का अवलोकन किया। सीएम योगी ने कहा कि बिजली का बिल समय से जमा कराने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करना अत्यंत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोग मोबाइल का बिल नियत समय पर जमा करते हैं, उसी प्रकार बिजली का बिल भी तय समय पर जमा कराने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए विभाग एक सुदृढ़ मैकेनिज्म तैयार करे। सीएम योगी ने प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर विशेष जोर दिया और कहा कि जनता को इसके लिए तैयार किया जाए। स्मार्ट मीटर आज की आवश्यकता है।



मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बिजली का बिल सही समय पर और बिना गड़बड़ी के हर उपभोक्ता के घरों तक पहुंचना चाहिए। मीटर रीडर को इसके लिए जवाबदेह बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को ओटीएस के बारे में जागरूक करें, ताकि बकाया बिजली के बिल को जमा करने में मिलने वाली सहूलियत के बारे में उसे अच्छी तरह से पता हो। बिजली के बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को किसी भी सूरत में परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि हमने अपने पहले पांच साल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने में लगाया है, अब हमें अपना पूरा जोर क्वालिटी मेंटेन करने पर देना होगा। अधिकारियों के अनुसार

### प्रदेश में बिजली सप्लाई के घंटों में बढ़ोतरी हुई

**मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मेंटेनेंस के कारण अगर बिजली कटौती की जाती है तो कब और कितनी देर तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी, इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को देना जरूरी है। इसके लिए सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर की कवायद तो तेजी से आगे बढ़ाया जाए। ईज ऑफ लिविंग के लिए यह बहुत जरूरी है, जिससे सच्चे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में बिजली सप्लाई के घंटों में बढ़ोतरी हुई है। बीते भीषण गर्मी के बावजूद और केवल लोकल फॉल्ट को छोड़ दें तो बीते 15 मार्च से सरकार 24 घंटे बिजली सप्लाई देने में सफल रही है। प्रदेश में कहीं भी बिजली की कमी नहीं हुई है।**

प्रदेश में 3.45 करोड़ बिजली कनेक्शन हैं। वहीं दो साल में 30 लाख कनेक्शन बढ़े हैं। बताया कि 2024 में अबतक 70 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है,जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है।

इसके अलावा कंज्यूमर टर्नअप शहरी इलाकों में करीब 92 प्रतिशत तो ग्रामीण इलाकों में 51 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश में बिजली बिल का 40 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन, 32 प्रतिशत काउंटर से और 30 प्रतिशत विभिन्न ई-वॉलेट के माध्यम से प्राप्त हो रहा है। ऑनलाइन सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए लोड बढ़ाने से लेकर नाम, पता बदलने तक की सुविधा ऐप के माध्यम से दी जा रही है। साथ ही बिजली का बिल जमा करने के लिए प्रतिमाह औसतन 7 एसएमएस भी भेजे जाते हैं। अक्टूबर-नवंबर 2023 में मेंटेनेंस माह मनाया गया, जिसके अच्छे परिणाम मिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अप्रैल, मई और जून माह में बिजली की एवरेज मांग में बढ़ोतरी हुई है। गर्मी के मौसम में सामान्य दिनों 27 से 28 हजार मेगावॉट की डिमांड होती है,जबकि इन दिनों पड़ी भीषण गर्मी में मांग 33 से 35 हजार मेगावॉट तक पहुंच गई है।

मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश में 5255 मेगावाट की 10 यूनिट्स को लगाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। इसके अलावा 5120 मेगावाट की तीन बड़ी परियोजनाएं ओबरा डी, अनपरा ई और मेजा द्वितीय पर भी काम जारी है। प्रदेश में बिजली के ट्रांसमिशन लॉस को न्यूनतम स्थिति में पहुंचाते हुए 3 प्रतिशत पर लाने का कार्य हुआ है।

# तीर्थयात्रा के सफल संचालन के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्तः मनोज सिन्हा

**श्रीनगर। एजेंसी**

एक सप्ताह में अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली है। इसके मद्देनजर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि तीर्थयात्रा के सफल संचालन के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और सुविधाओं में सुधार किया गया है। जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की है, जिसमें तीर्थयात्रा को बाधित करने के आतंकवादियों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए उच्चतम स्तर की सतर्कता की आवश्यकता पर बल दिया गया है। शनिवार सुबह श्रीनगर के राजभवन में अमरनाथ यात्रा की वर्चुअल 'प्रथम पूजा' में भाग लेते हुए मनोज सिन्हा ने कहा कि देश भर के तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन



29 जून से शुरू होंगे। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड और जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। पिछले दो वर्षों में यात्रियों के लिए सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है।

उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि इस साल सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने गुफा मंदिर की ओर जाने वाली सड़कों को उन्नत किया है और कुछ हिस्सों को चौड़ा किया है। बाद राजभवन में उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि मुझे लगता है कि इस बार यात्री सुगमता से तीर्थयात्रा कर पाएंगे। उपराज्यपाल ने कहा कि सभी धर्मों के लोगों ने हमेशा यात्रा का समर्थन किया है।

उन्होंने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों से, खासकर उन इलाकों के लोगों से जहां से यात्रा गुजरती है, अपील करता हूं कि वे इस साल भी यात्रा का समर्थन करने और तीर्थयात्रियों की देखभाल करने की परंपरा को जीवित रखें। शांतिपूर्ण और सुचारू तीर्थयात्रा दुनिया भर में जम्मू-कश्मीर की अच्छी छवि बनाने में मदद करती है।

# विद्युत समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी : तोमर

**भोपाल। एजेंसी**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश बिजली कम्पनी के अधिकारियों को दिए हैं। गुना, अशोकनगर और शिवपुरी स्थित विद्युत वितरण कम्पनी के वृत्त कार्यालयों में शुक्रवार को आयोजित बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आम उपभोक्ता को ट्रिपिंग का सामना न करना पड़े, इसके लिए अधिकारी माकूल बंदोबस्त करें। ऊर्जा मंत्री तोमर ने अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों और उपभोक्ताओं के फोन न उठाने की शिकायतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जो अधिकारी इस तरह का व्यवहार करेंगे वे बख्शे नहीं जाएंगे। शिकायत मिलने पर ऐसे



सभी अधिकारी-कर्मचारियों की एक वेतन वृद्धि रोकी जाएगी।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि जिन पाश कालोनियों से शत प्रतिशत राजस्व वसूली होती है, वहां ट्रिपिंग नहीं होनी चाहिए और यदि हो रही है, तो अधिकारी उपभोक्ताओं को वाजिव कारण बताकर संतुष्ट करें। उन्होंने सर्वाधिक ट्रिपिंग वाले क्षेत्रों के विभागीय अधिकारियों को हिदायत दी कि समय रहते अपने-अपने इलाके की विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें।

तोमर ने समस्त सहायक यंत्री और उप यंत्रियों को भरोसा दिलाया कि वह अच्छा काम करें। आपके मान-सम्मान की रक्षा का जिम्मा विभाग का है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की विद्युत सम्बन्धित समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए मोहल्लों में जागरूकता अभियान चलाया जाए। यदि किसी तरह का विद्युत अवरोध होता है, तो उपभोक्ताओं को यह बताया जाए कि अवरोध किस कारण हुआ। जिससे आम उपभोक्ता को परेशानी का सामना न करना पड़े।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मैं स्वयं समय-समय पर मोहल्लों में जाकर उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाऊंगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को आकलित खपत के आधार पर बिल देने की जगह रीडिंग का बिल देना ही सुनिश्चित करें।

## दो पक्षों में विवाद होने पर जमकर हुआ पथराव

**जयपुर। संजय सर्किल थाना इलाके में शुक्रवार देर रात दो पक्षों में विवाद हो गया। जानकारी के अनुसार विवाद के दोनों पक्षों में जमकर पथराव हुआ। विवाद की जानकारी मिलने पर संजय सर्किल, कोतवाली, माणक चौक और सुभाष चौक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद स्थिति को काबू की गई। इस पथराव में घर, कार के शीशे टूट गए और साथ ही तीन लोग घायल हो गए। जिन्हे मौके पर पहुंची पुलिस ने एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया,जहां उनका इलाज चल रहा है। हालांकि अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि घटना संजय सर्किल थाना इलाके के माली कॉलोनी की है। जहां स्थानीय निवासी हर्ष और गौतम स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। शुक्रवार रात साढ़े 11 बजे उन्हें माली कॉलोनी के पास कुछ समुदाय विशेष के युवकों ने रोका। किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर हर्ष और गौतम चले गए। लेकिन कुछ देर बाद कुछ युवकों ने समुदाय विशेष के युवकों के साथ मारपीट कर दी।**

## श्रीकृष्ण की लीलाओं के स्थानों को तीर्थ स्थल के रूप में करेंगे विकसितः डॉ. मोहन

**भोपाल । एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि मध्यप्रदेश सरकार भगवान श्रीराम वनगमन पथ तथा श्रीकृष्ण पाथेय अर्थात भगवान श्रीराम ने मध्यप्रदेश के जिन-जिन स्थानों से यात्रा की हैं, उन स्थानों को चिन्हित कर तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करेंगे। मध्यप्रदेश सरकार चित्रकूट के आवागमन का मार्ग या लंका विजय के पश्चात पुनः अयोध्या प्रयाण का जो मार्ग है, उस मार्ग को चिहिन्त करते हुए तीर्थ के रूप में विकसित करने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम ने जहां 11 वर्ष चित्रकूट धाम में व्यतीत किए हैं। उन्होंने सतना कलेक्टर को चित्रकूट विकास प्राधिकरण का चार्ज लेने के निर्देश दिए हैं। उस स्थान पर समेकित रूप से अलग-अलग स्थानीय और ग्रामीण निकायों और अन्य विभागों को साथ मिलकर एकीकृत योजना बनाते हुए चित्रकूट धाम पर भव्य



पैमाने पर भगवान श्रीराम का काल स्मरणीय और दर्शनीय हो इसके लिए कार्य प्रारंभ किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम के गौरवशाली अतीत से प्रदेश का गहरा रिश्ता है। हम सौभाग्यशाली है कि भगवान श्रीराम ने मंदाकिनी के किनारे मध्यप्रदेश में लंबा समय गुजारा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्रीराम के सभी भक्तों और श्रद्धालुओं से निवेदन करते हुए कहा है कि आइये अयोध्या धाम के साथ चित्रकूट धाम के भी दर्शन करें। सांस्कृतिक रूप से रिश्तों को प्रगाढ़ करें और एक बार मध्यप्रदेश अवश्य पधारें।

## नशे में धुत पुलिसकर्मी कार से 14 वाहनों को मारी टक्कर

**रायसेन। रायसेन जिले सुल्तानगंज में नशे में धुत एक पुलिसकर्मी ने शुक्रवार को दोपहर में अपनी कार से रोड किनारे खड़े 14 वाहनों समेत सात लोगों को टक्कर मार दी। घायल हुए सभी सात लोगों के हाथ-पैर और मुंह में गंभीर चोट आई है। घटना सुल्तानगंज में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने की है। टक्कर मारने वाला पुलिसकर्मी दीपेंद्र राजपूत सुल्तानगंज थाने में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। वह घटना के समय नशे की हालत में था। मौके पर पहुंची पुलिस आरक्षक दीपेंद्र को अपनी साथ थाने ले गई। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उसे लाइन अटैच कर दिया गया है। हादसे में घायल सात में से चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को पहले सुल्तानगंज स्थित सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया था। जिसमें से 4 की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें बेगमगंज रेफर कर दिया गया। बाकी तीन को मामूली चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार कर डिस्चार्ज कर दिया। जानकारी के अनुसार आरक्षक दीपेंद्र राजपूत अपनी कार से सागर की ओर से आ रहा था।**

## कांग्रेस सांसद जयप्रकाश का बयान महिला विरोधीः डॉ. वैभव

**हिसार। एजेंसी**

भाजपा जिला सचिव डॉ. वैभव बिदानी ने कांग्रेस सांसद जयप्रकाश के बयान को शर्मनाक व महिला विरोधी बताते हुए उनकी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद का यह बयान उनकी पार्टी की ओछी मानसिकता को दशार्ता है। डॉ. वैभव बिदानी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस सांसद जयप्रकाश का बयान उनकी महिला विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। उन्होंने हाल ही में किरण चौधरी व उनकी बेटी श्रुति चौधरी पर दिए बयान में कहा है कि विरासत आदमी से चलती है, औरत से नहीं। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश का यह बयान पूरी तरह से महिला विरोधी व देश का आधी आबादी का अपमान है। जयप्रकाश को अपने बयान के लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा महिलाएं हर स्तर पर उनका विरोध करेगी। डॉ. वैभव



बिदानी ने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता सदैव महिला विरोधी रही है। वह भी ऐसे में जब कांग्रेस की सर्वेसर्वा खुद एक महिला है। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने तीन तलाक पर कानून बनाया, महिला आरक्षण का कानून लागू किया लेकिन कांग्रेस ने एक दिन भी इनका समर्थन नहीं किया क्योंकि कांग्रेस महिला की उन्नति व उनका भला कभी चाहती ही नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को भी अपने सांसद जयप्रकाश की इस महिला विरोधी टिप्पणी पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

# विस क्षेत्रों से कांग्रेस की जीत से हरियाणा में सरकार बनना तयः हुड्डा

### ● कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि हर भर्ती में घोटाले हो रहे हैं, पेपर लीक हो रहे हैं

**जींद। एजेंसी**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को शहर के निजी होटल में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, हिसार से सांसद जयप्रकाश पहुंचे। यहां सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत में भूपेंद्र हुड्डा ने अभय सिंह चौटाला के भूपेंद्र हुड्डा के भाजपा के एजेंट के बयान पर भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि राज्यसभा के चुनाव से लेकर राष्ट्रपति के चुनाव में उन्होंने किसके पक्ष में वोट दी थी, सब जानते हैं। प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं है। हुड्डा ने राज्य सभा चुनाव में सदस्य उतारे जाने के सवाल पर कहा कि उन्हें 14

### ● पूरे प्रदेश में जींद जिला एकमात्र ऐसा है, जहां से तीन-तीन सांसद कांग्रेस को दिए हैं, अब एक मोर्चा तो जीत लिया है



सदस्यों की जरूरत है। अगर उन्हें 14 सदस्य मिलते हैं तो वह सदस्य उतार देंगे। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में जींद जिला एकमात्र ऐसा है, जहां से तीन-तीन सांसद कांग्रेस को दिए हैं। अब एक मोर्चा तो जीत लिया है। असली मोर्चा तो तीन महीने बाद शुरू होगा, उसकी तैयारी में जुट जाओ। हिसार से सांसद जयप्रकाश ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के परिवार पर जमकर निशाना साधा। जेपी ने पैरवी की कि विधानसभा में भी मेरिट पर टिकट दी जाएं। चौधरी बंसीलाल की विरासत के बयान के बाद कहा कि राजनीति और अफसरी में कोई जेंडर नहीं होता।

उनका मतलब रणबीर महेंद्र से था, वो उनके बड़े बेटे हैं तो वो वारिस होने चाहिएं। अगर नंबरदार की मौत होती है तो उनके बेटे बेटे को नंबरदार बना दिया जाता है। सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार आए तो जींद को औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि हर भर्ती में घोटाले हो रहे हैं, पेपर लीक हो रहे हैं। हरियाणा में 33 पर्चे लीक हुए हैं। कौशल विकास रोजगार निगम जो सबस बड़ा धोखा है।

इसमें न मेरिटए न आरक्षण और न ही पक्की नौकरी है। सरकार प्रोपर्टी और पीपीपी को लेकर माफी मांगनी चाहिए। क्योंकि लोगों को लाइन में लगाने का काम किया। उदयभान ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने कहा था कि किरण चौधरी का शरीर कांग्रेस में था, लेकिन आत्मा भाजपा में थी। इसलिए वह भाजपा में चली गई, लेकिन वह पूछना चाहते हैं कि राज्यसभा को लेकर किरण चौधरी के साथ क्या डील हुई है। इसके बारे में भी मनोहर लाल को बताना चाहिए।

# रूस को उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों का पालन करना चाहिएः एंटोनियो गुटेरेस

**युनाइटेड नेशंस। एजेंसी**

रूस और उत्तर कोरिया के लगातार गहराते संबंधों को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि रूस को उत्तर कोरिया पर संयुक्त राष्ट्र की तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों का पालन करना चाहिए। रूसी संघ सहित किसी भी देश के साथ डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के संबंध में उसपर लागू प्रतिबंधों का पालन करना होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस ने शुक्रवार को पत्रकारों से यह बात तब कही जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और



उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा बुधवार को ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर का आरोप है, जिसमें यूक्रेन के खिलाफ इस्तेमाल के लिए प्योंगयांग की तरफ से रूस को हथियार हस्तांतरित किए जाएंगे। हालांकि मॉस्को और प्योंगयांग ने आरोपों से इनकार किया है। अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और जापान के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् 28 जून को बैठक करेगा जिसमें परिषद के प्रस्तावों के उल्लंघन को लेकर प्योंगयांग की तरफ से हथियारों के हस्तांतरण पर चर्चा होगी। उत्तर कोरिया अपने परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों को लेकर 2006 से संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के अधीन है। इसके बावजूद उत्तर कोरिया को रूस का लगातार समर्थन मिलता रहा है। दरअसल, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोन उन के तौर-तरीकों से निबटने में पिछले कई वर्षों से 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद् का विभाजित रुख है।

## भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने फाइनल जीता, स्वर्ण पदक की लगाई हैट्रिक




**नई दिल्ली। एजेंसी**

शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने शनिवार को तुर्की के अंताल्या में तीरंदाजी विश्व कप स्टेज-3 के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की भारतीय तिकड़ी ने खिताबी मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली एस्टोनिया (232-229) को हराया। इसी के साथ भारतीय तिकड़ी की 2024 में तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी हुई। टीम ने इस साल की शुरूआत में शंघाई और येचियन में आयोजित पिछले चरणों में स्वर्ण पदक जीते थे। स्टेज 3 में, भारत को पहले दौर में बाई मिली, जिसमें केवल 10 देश शामिल थे, तथा फिर उसने अल साल्वाडोर को 235-227 से तथा मेजबान तुर्की को 234-227 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रियांश, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश फुगे की मौजूदगी वाली शीर्ष भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में तुर्की से 236-236 (शूट-ऑफ 30*-30, तुर्की ने सेंटर के करीब शॉट मारा) से हार गई। भारत कांस्य पदक के मैच में भी फ्रांस से 236-235 से हार गया।

# ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान का मुकाबला आज


**किंग्सटाउन। एजेंसी**

भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को टी20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना होगा। सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा। अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। अफगानिस्तान के लिए बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज (178 रन) और इब्राहिम जदरान (160) अहम खिलाड़ी हैं, लेकिन इन्हें मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों से सहयोग की जरूरत है।

फजलहक फारूकी (15 विकेट) और राशिद खान (9) दोनों ने अमेरिकी पिचों पर बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं जिससे दोनों फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में हरफनमौला प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा। लेकिन 2021 की विजेता ऑस्ट्रेलिया को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा है। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम की बात करे तब डेविड वार्नर (169 रन) और ट्रेविस हेड (179) की विस्फोटक सलामी जोड़ी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां ड़ाने में माहिर, लेकिन राशिद और फारूकी अपनी गेंदबाजी से प्रभाव डाल सकते हैं। दोनों टीमें पिछली बार 2023 वनडे विश्व कप में एक दूसरे के आमने सामने हुई थीं। मुंबई में ग्लेन मैक्सवेल ने शानदार दोहरा शतक जड़ा था जबकि पैट कमिंस ने दूसरे छोर पर उन्हें मजबूत सहयोग दिया था।

अफगानिस्तान निश्चित रूप से उस हार का बदला लेना चाहेगा, लेकिन देखना होगा कि राशिद की टीम अपनी योजनाओं को अच्छी तरह आजमा पाती है या नहीं। दक्षिण अफ्रीका की तरह मिचेल मार्श की आस्ट्रेलियाई टीम भी अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की बदौलत टूर्नामेंट की मजबूत टीम में से एक है। हालांकि टीम के लिए मैक्सवेल का खराब फार्म चिंता का कारण बना हुआ है। लेकिन उसके पास टिम डेविड के रूप में शानदार खिलाड़ी है, जो बेहतरीन ऑलराउंडर है। मध्य और निचले क्रम में मार्कस स्टोइनिस की मौजूदगी टीम की बल्लेबाजी को और मजबूत बनाती है जिनकी मौजूदा फॉर्म (तीन मैच में 156 रन) शानदार है। स्कॉटलैंड के खिलाफ पिछले मैच में कमिंस की हैट्रिक के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम को अपने क्षेत्ररक्षण में सुधार करने की जरूरत होगी क्योंकि स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने कुल छह कैच टपकाए जिसमें से अकेले मार्श ने तीन कैच छोड़े। एडम जम्पा (11) इस विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं।






### ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान की टीमें इस प्रकार हैं :-

**ऑस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

**अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

## एक नजर

### दिवंगत महान फुटबॉलर पेले की मां सेलेस्टे अरांतेस का 101 वर्ष की आयु में निधन

**साओ पाउलो।** दिवंगत महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले की मां सेलेस्टे अरांतेस का शुक्रवार को 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अरांतेस ने पिछले पांच साल वानस्पतिक अवस्था (चेतना की कमी) में बिताए। उन्हें 2022 में पेले की मृत्यु के बारे में सूचित नहीं किया गया था। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने एक बयान में कहा कि वह पिछले आठ दिनों से अस्पताल में भर्ती थीं। सीबीएफ ने कहा कि अरांतेस की मौत का कारण नहीं बताया गया है। पेले फाउंडेशन ने अपने सोशल मीडिया चैनलों पर कहा कि एकमात्र तीन बार विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ी की मां एक रोल मॉडल थीं। फाउंडेशन ने कहा, भावनाएं मिश्रित हैं। हम 'सेलेस्टिन्हा' के जाने पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं, जैसा कि उनके बेटे ने उन्हें प्यार से बुलाया था।

### साइकिलिंग स्पर्धा के माध्यम से प्रशंसक पेरिस की प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव कर सकेंगे: डेविड

**जिनेवा।** यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनल (यूसीआई) के अध्यक्ष डेविड लैपर्टिएंट ने शुक्रवार को कहा कि ओलंपिक साइकिलिंग प्रतियोगिताओं को देखना प्रशंसकों के लिए पेरिस शहर की प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करने का सबसे अच्छा अवसर है। लैपर्टिएंट ने सिन्हुआ को दिए एक साक्षात्कार में कहा मैं पेरिस ओलंपिक खेलों में कुछ अद्भुत होने की उम्मीद कर रहा हूं। पेरिस एक बहुत ही प्रतिष्ठित शहर है। यह एक खुला संग्रहालय है। ओलंपिक प्रशंसकों को पेरिस देखने का अवसर देगा। 51 वर्षीय लैपर्टिएंट का जन्म फ्रांस के उत्तर-पश्चिम में पोंटिवी में हुआ था। लैपर्टिएंट ने कहा हमारे पास ये सभी विधाएँ बहुत ही प्रतिष्ठित स्थानों पर हैं। केवल साइकिलिंग प्रतियोगिताएँ ही अपने प्रशंसकों को पेरिस में ये सभी अच्छे दृश्य देखने का अवसर दे सकती हैं।

### सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम की पिच स्पिनरों की मदद कर सकती है : विक्रम

**एंटीगुआ।** टी 20 विश्व कप 2024 के सुपर फोर में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी टीम के मुकाबले से पहले, भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कहा कि सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम की पिच स्पिनरों की मदद कर सकती है। भारत इस मैच में अपने पिछले सुपर आठ मुकाबले में अफगानिस्तान को 47 रनों से हराने के बाद उतरेगा। दूसरी ओर, बांग्लादेश ने अपने पहले सुपर आठ मैच में 28 रनों से हार का सामना किया। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में राठौर ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाड़ी कुछ परिस्थितियों में अच्छे हैं। भारत के बल्लेबाजी कोच ने स्वीकार किया कि नॉर्थ साउंड की परिस्थितियाँ टाइगर्स के लिए थोड़ी अनुकूल होंगी। उन्होंने कहा कि टी20 प्रारूप में हर टीम कठिन होती है। राठौर ने कहा वे एक अच्छी टीम हैं। उनके पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो स्पिन गेंदबाजी कर सकते हैं और कुछ परिस्थितियों में वे अच्छे हैं। मुझे लगता है कि ये परिस्थितियां एक टीम के तौर पर उनके लिए कुछ हद तक अनुकूल हैं, क्योंकि विकेट स्पिनरों के लिए थोड़ी मददगार है और उनकी टीम में स्पिनर हैं।

# भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली। एजेंसी**

शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है, इसकी पुष्टि शनिवार को की गई। नागल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने आधिकारिक तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार पल है क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक खास जगह रखता है। नागल वैकल्पिक खिलाड़ियों में से एक थे, लेकिन उनसे बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के हटने की संख्या बढ़ने के साथ, भारतीय खिलाड़ी का 4 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ द्वारा आधिकारिक प्रवेश सूची जारी किए जाने पर कट बनाना पक्का है। पेरिस ओलंपिक में, टेनिस 27 जुलाई से 4 अगस्त तक रोलांड गैरोस में खेला जाएगा, जहां फ्रेंच ओपन का आयोजन होता है। 26 वर्षीय नागल लिएंडर पेस (1992-2000) के बाद ग्रीष्मकालीन खेलों के लगातार संस्करणों में एकल स्पर्धा में जगह बनाने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। पेस ने 1996 में अटलांटा ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था, जो इस आयोजन में भारत का दूसरा व्यक्तिगत पदक था।

नागल ने टोक्यो ओलंपिक में पुरुष एकल में भी भाग लिया था, जहां वह दूसरे दौर में दूसरे वरीयता प्राप्त रूसी डेनियल मेदवेदेव से हार गए थे। नागल के लिए यह शानदार सीजन रहा है। भारतीय खिलाड़ी ने साल की शुरूआत ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करके की, जहां उन्होंने शुरूआती दौर में 31वीं वरीयता प्राप्त कजाख अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया।

वह 35 साल में किसी स्लैम में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए। इसके बाद उन्होंने चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीतकर एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई। वह मोंटे कार्लो मास्टर्स में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज करने वाले पहले भारतीय पुरुष भी बने, उन्होंने पहले राउंड में इटली के माटेओ अर्नाल्डी को हराया। नागल ने फ्रेंच ओपन में पदार्पण किया और विंबलडन में भी मुख्य ड्रॉ में खेलने के लिए तैयार हैं।




## एडेन मार्करम ने मैच में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की

**ग्रोस आइलेट। एजेंसी**

आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 में इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने मैच में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। एडेन मार्करम की अगुआई वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम ने डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सुपर आठ मैच में इंग्लैंड को सात रन से हराकर मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल की तरफ एक कदम और बढ़ा दिया है।

ऑलराउंडर ने मैच में शानदार मैच जिताऊ प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक की जमकर तारीफ की। मार्करम ने मैच के बाद कहा पिछले तीन ओवरों में हमारे खिलाफ बहुत कुछ था, लेकिन गेंदबाजों के पास अच्छी योजनाएँ थीं और उन्होंने इसे पूरा किया। पावरप्ले के बाद संदेश यह था कि यह धीमा हो गया। हमने पूरी तरह से क्रिकेट नहीं खेला, लेकिन हम सही रास्ते पर हैं। क्विनी (डी कॉक) ने पिछले दो मैचों में हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। उन ओवरों में यह थोड़ा नर्वस करने वाला था, लेकिन ऐसा हो सकता है। योजनाएं तो थीं, लेकिन क्रियान्वयन नहीं हो पाया। मैं आभारी हूं कि ब्रूक का कैच पकड़ा गया। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।




## हाले एटीपी सेमीफाइनल में पहुंचकर झांग झिझेन ने रचा इतिहास

**बर्लिन। एजेंसी**

चीनी पुरुष टेनिस खिलाड़ी झांग झिझेन ने चीन के टेनिस इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए शुक्रवार को जर्मनी के हाले में टेरा वोर्टमैन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। झिझेन ने पुरुष एकल के अंतिम 8 चरण में अमेरिका के क्रिस्टोफर यूबैंक को 6-4, 4-6, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। झांग तीसरे सेट में 2-5 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने लगातार पांच गेम जीतकर जीत हासिल की, जिससे वे ओपन युग में ग्रास कोर्ट पर टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले चीनी खिलाड़ी बन गए।

अपने दूसरे टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचकर, झांग इस सप्ताह पीआईएफ एटीपी लाइव रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ये उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। 28 वर्षीय चीनी टेनिस खिलाड़ी का अगला मुकाबला विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जननिक सिनर से होगा, जिन्होंने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-2, 6-7(1), 7-6(3) से हराया।



## टी20 विश्व कप: होप के तूफानी अर्धशतक की बदौलत वेस्टइंडीज ने अमेरिका को 9 विकेट से हराया

**ब्रिजटाउन। एजेंसी**

वेस्टइंडीज ने शनिवार (भारतीय समय) को केंसिंग्टन ओवल में यूएसए को नौ विकेट से हराकर चल रहे टी 20 विश्व कप के सुपर 8 में अपनी पहली जीत दर्ज की। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएसए की टीम 19.5 ओवर में केवल 128 रनों पर सिमट गई। जवाब में वेस्टइंडीज ने केवल 10.5 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। 129 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम को चोटिल ब्रैंडन किंग की जगह आए शाई होप ने जानसन चार्ल्स के साथ शानदार शुरूआत दिलाई। सौरभ नेत्रवलकर ने पहला ओवर बढ़िया फेंका, लेकिन होप ने अगले ओवर में नोस्टुश केंजीगे की गेंद पर एक शानदार छक्का लगाया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। होप के बल्ले से बाउंड्री की बारिश होने लगी। दूसरी ओर चार्ल्स ने केवल स्ट्राइक रोटेट की। होप के आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत विंडीज को पावरप्ले में 58 रन जोड़ दिये। सातवें ओवर की दूसरी गेंद पर होप ने हरमीत सिंह की गेंद पर छक्का जड़कर केवल 26 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि इसी ओवर की आखिरी गेंद पर हरमीत ने चार्ल्स को मिलिंद कुमार के हाथों कैच कराकर वेस्टइंडीज को पहला झटका दिया। चार्ल्स ने 14 गेंदों पर 2 चौके की बदौलत 15 रन बनाए। होप की पारी का सबसे बेहतरीन पल छक्कों की हैट्रिक थी, उन्होंने 9वें ओवर में मिलिंद कुमार की आखिरी तीन गेंदों पर तीन गगनचुंबी छक्के लगाए। इसके बाद निकोलस पूरन ने 11वें ओवर में सौरभ नेत्रवलकर को लगातार दो छक्के जड़े और फिर एक सिंगल लेकर होप का स्ट्राइक दिया।



## वाणिज्य

# कोयला खदानों की वाणिज्यिक नीलामी का 10वां दौर शुरू

**हैदराबाद। एजेंसी**

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कोयला खदानों की वाणिज्यिक नीलामी के 10वें दौर की शुरूआत कर दी है। नीलामी के इस चरण में 67 कोयला खानों को शामिल किया गया है। ये खदानें बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना में स्थित हैं। इनमें पूरी तरह और आंशिक रूप से खोजी गई खदानों के साथ तीन कोकिंग कोल खदानें भी शामिल हैं। नीलामी की शुरूआत के मौके पर रेड्डी ने कोयला आयात घटाने और इसका उत्पादन बढ़ाने की वकालत की। उन्होंने बिजली उत्पादन में कोयले के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे काला सोना बताया। कोयला मंत्री ने कहा कि जीवंत और सुधार-उन्मुख कोयला क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अहम है। इस बीच रेड्डी के गृह-राज्य तेलंगाना के गोदावरी क्षेत्र में स्थित कोयला खदानों को बोली के बगैर ही आवंटित किए जाने की मांग उठी है। तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने आरक्षण कोटा के तहत गोदावरी क्षेत्र की खदानें सरकारी कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज को नीलामी के बगैर ही आवंटित करने की मांग रखी है। इस पर किशन रेड्डी ने कहा कि वह विक्रमार्क की तरफ से उठाए गए मुद्दे पर गौर करेंगे।




## ओला इलेक्ट्रिक को अपना आइपीओ लाने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड को इसी महीने की 20 तारीख को सेबी की तरफ से आईपीओ लाने की आधिकारिक मंजूरी भी मिल गई है। मगर अब पेच आईपीओ के वैल्यूएशन को लेकर फंसता दिख रहा है। वैल्यूएशन को लेकर कंपनी पर निवेशकों का दबाव बनता दिख रहा है। एक एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि कंपनी के फाउंडर भाविश अग्रवाल चाहते हैं कि आईपीओ 7 अरब डॉलर की वैल्यूएशन पर लाया जाए।

जबकि कंपनी के निवेशक चाहते हैं कि यह वैल्यूएशन 5 अरब डॉलर तय की जाए। सूत्रों ने बताया कि 5 अरब डॉलर की वैल्यूएशन पर ओला इलेक्ट्रिक के मौजूदा इन्वेस्टर्स आईपीओ के दौरान कंपनी में मौजूदा शेयर नहीं बेचने का विकल्प चुन सकते हैं। लोगों ने कहा कि बातचीत की गई है और कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। सेबी की वेबसाइट के मुताबिक ओला इलेक्ट्रिक 7,250 करोड़ रुपये का आईपीओ लाएगी। जिसमें 1,750 करोड़ रुपये वह ऑफर फॉर सेल के जरिये जुटाएगी। ओला इलेक्ट्रिक भारत की पहली इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी होगी, जो शेयर बाजार में प्रवेश करने जा रही है।




## देश के प्रमुख बैंक एसबीआई ने सरकार को दिया 6959 करोड़ का लाभांश

**एसबीआई**

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख बैंक एसबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार को करीब 6959 करोड़ रुपए का लाभांश और बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 857 करोड़ रुपए का लाभांश दिया है। अहम बात यह है कि एसबीआई द्वारा दिया गया लाभांश पिछले वर्ष की तुलना में करीब 23 फीसदी ज्यादा है। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक सौंपा। इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी भी मौजूद थे। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 6959.29 करोड़ रुपए का लाभांश चेक निर्मला सीतारमण को सौंपा। एसबीआई ने पिछले वित्त वर्ष के लिए 13.70 रुपए प्रति शेयर का लाभांश दिया। यह पिछले वर्ष में दिए गए 11.30 रुपए प्रति इक्विटी शेयर लाभांश से अधिक है।

बैंक का मुनाफा 2023-24 में रिकॉर्ड 67,085 करोड़ रुपए रहा जो उसके एक साल पहले 55,648 करोड़ रुपए था। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को 857 करोड़ रुपए का लाभांश चेक सौंपा। बीओएम के प्रबंध निदेशक निधु सक्सेना और कार्यकारी निदेशक आशीष पांडे ने वित्त मंत्री को चेक सौंपा। इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी भी मौजूद थे। बीओएम ने कहा कि बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1.40 रुपए प्रति इक्विटी शेयर (14 प्रतिशत) का लाभांश घोषित किया है। पुणे स्थित बैंक में भारत सरकार की 86.46 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बयान में कहा गया है कि यह लाभांश भुगतान वित्त वर्ष के दौरान बैंक के प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन को बताता है।



# कांग्रेसी नेता और डोटासरा सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए कर रहे है अनर्गल बयानबाजी: कुलदीप धनखड़

## कांग्रेस पार्टी में एक खास परिवार को खुश करने के लिए कांग्रेसी नेताओं द्वारा दिए जाते है अमर्यादित और अशोभनीय बयान:- महेंद्र मीणा

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। भाजपा के विराटनगर से विधायक और प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप धनखड़ और जमवारामगढ विधायक महेंद्र मीणा ने आज प्रेसवार्ता कर कांग्रेसी नेताओं के अनर्गल बयान की कड़ी शब्दों में निंदा की। भाजपा विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए लोकतंत्र की निर्वाचन प्रणाली का मजाक बना रहे है। कांग्रेसी नेता प्रदेश के मुखिया का नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता का अपमान कर रहे है। डोटासरा और कांग्रेस को इस तरह की बयानबाजी से कोई लाभ होने वाला नहीं है। लोकतंत्र में जनता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और भाजपा के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा सभी मंत्री मंडल इसी ध्येय के साथ जनकल्याणकारी कार्य कर रहे है।

भाजपा विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को प्रदेश की जनता ने पहले विधानसभा चुनावों में और अब लोकसभा चुनावों में दरकिनार कर दिया। ऐसे में चुनावों की हार से बौखलाए हुए डोटासरा और अन्य नेता इस तरह के अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर रहे है। राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष होने के नाते डोटासरा को अपने शब्दों में मर्यादा और मुख्यमंत्री के पद की गरिमा का ध्यान तो रखना ही चाहिए। राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। प्रदेश में 19 पेपरलीक हुए, आरएएस परीक्षा में डोटासरा के



रिश्तेदारों के चयन पर सवाल खड़े हुए, प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया था, अपराधियों के हौंसले बढ़ गए थे, जेजेएम योजना में केंद्र से मिले फंड में जमकर भ्रष्टाचार किया गया। इन सबसे त्रस्त जनता ने विधानसभा में इन्हें सीरे से नकार दिया। राज से बाहर होते ही कांग्रेसी नेता मर्यादा भूल जाते है और अमर्यादित भाषा पर आ जाते हैं।

भाजपा विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 6 माह के अल्पकाल में कांग्रेस राज के दौरान पेपर लीक के मामले में कार्रवाई करते हुए एसआईटी का गठन किया और 100 से अधिक माफियाओं को सलाखों के पीछे पहुंचाया। प्रदेश में संगठित अपराध को समाप्त करने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया। प्रदेश की जनता के लिए ईआरसीपी तथा यमुना जल समझौते जैसे ऐतिहासिक कार्य किए। वहीं दूरगामी सोच के चलते बिजली संकट को समाप्त करने की दिशा में काम किया और 2 लाख 24 हजार करोड़ के एमओयू साइन किए। 6 माह के कार्य तो केवल शुरूआत है सरकार का कार्यकाल अभी पूरा बाकी है।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जमवारामगढ विधायक महेंद्र मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम पंक्ति में बैठे गांव से आने वाले किसान के बेटे को मुख्यमंत्री बना दिया तो कांग्रेसी नेताओं को यह बात हजम नहीं हो रही। कांग्रेस में सभी नेताओं के बयान एक परिवार के खास लोगों को खुश करने के लिए दिए जाते है। वैसे भी कांग्रेस की संस्कृति है, जहां सामान्य व्यक्ति को कभी अवसर नहीं दिया जाता। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जो दलित परिवार से आते है उन्हें जिस कदर दरकिनार किया गया वह स्पष्ट करता है कि कांग्रेस खास की चाटुकारिता व आम व्यक्ति को दुत्कारने का काम करती है।

भाजपा विधायक महेंद्र मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के लिए अशोभनीय शब्दों का इस्तेमाल करने वाले परसादी लाल भूल गए कि सीएम भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को भी डे केयर पैकेज में शामिल करने का काम किया है। इससे जरूरतमंदों को काफी मदद मिल रही है। इतना ही नहीं प्रदेश की जनता के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 75 हजार स्वास्थ्य मेलों का आयोजन भी करवाया गया तो सड़क दुर्घटनाओं में जीवन रक्षा के लिए काम करते हुए 25 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सुविधा शुरू की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में लचर चिकित्सा व्यवस्था को सुधारने के लिए अधिकारियों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में आलाधिकारियों ने अभियान चलाकर 13 हजार से अधिक निरीक्षण किए और लचर चिकित्सा व्यवस्था को सुद्दढ किया।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा में कम सीटों पर लड़े, लेकिन विधानसभा में स्थिति', शरद पवार ने सहयोगी दलों को दिया बड़ा संकेत

**मुंबई/एजेंसी।** महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले शरद पवार ने एमवीए में सीट शेयरिंग को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा है कि इस बार पार्टी समझौता नहीं करेगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-एसपी के एक नेता ने अपने सुप्रीमो शरद पवार के हवाले से कहा- राकांपा (एसपी) लोकसभा चुनावों के दौरान अपने (महा विकास अघाड़ी) सहयोगियों की तुलना में कम सीटों पर चुनाव लडऩे पर सहमत हुई, लेकिन विधानसभा चुनाव में स्थिति अलग होगी।

शरद पवार ने पुणे में दो बैठकें कीं। पहली बैठक पुणे शहर और जिले के पार्टी पदाधिकारियों के साथ, और दूसरी अपने विधायकों और नव-निर्वाचित सांसदों के साथ। जानकारी के मुताबिक, पहली बैठक में शामिल हुए पुणे शहर एनसीपी (शरद पवार) प्रमुख प्रशांत जगताप ने कहा- शरद पवार ने बैठक के दौरान हमें बताया कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में कम सीटों पर इसलिए चुनाव लड़ा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के साथ गठबंधन बरकरार रहे।

जगताप ने कहा, 'शरद पवार ने संकेत दिया कि विधानसभा चुनाव में तस्वीर अलग होगी। राकांपा (एसपी) प्रमुख ने पुणे, बारामती, मावल और शिरूर लोकसभा के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों की स्थिति की भी समीक्षा की। दूसरी बैठक में शामिल हुए एक पार्टी नेता ने कहा कि शरद पवार ने सांसदों और विधायकों से विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने का आ''ान किया। इस बीच, एनसीपी (एसपी) के महाराष्ट्र प्रमुख जयंत पाटिल ने मीडिया कर्मियों से कहा कि पार्टी ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह एमवीए में सीट-शेयरिंग के तहत कितनी सीटें मांगेगी।

### यौन शोषण के आरोप में सूरज रेवन्ना को 'ब्लैकमेल' करने के आरोप में दो लोगों पर एफआईआर

**बेंगलुरु/एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस ने यौन अपराधों के आरोपी पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई और जेडी(एस) विधान पार्षद सूरज रेवन्ना से झूठे यौन उत्पीडऩ के मामले में जबरन वसूली की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

जेडी(एस) के हासन जिले के अरकलागुडु शहर के एक पुरुष कार्यकर्ता ने सूरज रेवन्ना पर यौन शोषण का आरोप लगाया था।

सूरज रेवन्ना के करीबी सहयोगी शिवकुमार ने होलेनरसीपुरा थाने में पीड़ित और उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

शिवकुमार ने शिकायत में कहा है कि पैसे ऐंठने के लिए सूरज रेवन्ना के खिलाफ झूठे आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि आरोपियों ने सूरज रेवन्ना को पांच करोड़ रुपये न देने पर यौन शोषण का मामला दर्ज कराने की धमकी दी थी।

पुलिस ने आईपीसी की धारा 384 (जबरन वसूली) और 584 (आपराधिक धमकी) के तहत केस दर्ज किया है।

# राजस्थान को डबल इंजन सरकार का मिलेगा पूरा लाभ : दिया कुमारी

## उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान में रेल, राज़मार्ग और ऊर्जा क्षेत्र के लिए माँगा सहयोग

**चमकता राजस्थान**

**नई दिल्ली 22 जून 2024।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मोदी 3.0 सरकार के विजन को साकार करने के लिए आगामी केंद्रीय परिवर्तित बजट 2024-25 में ₹विकसित भारत- विकसित राजस्थान₹ की परिकल्पना को साकार करने हेतु केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित बजट पूर्व चर्चा में राजस्थान का पक्ष राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने रखा। श्रीमती दिया कुमारी ने राजस्थान की जनता से जुड़े हुए विकास के मुद्दों को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा।

बैठक के दौरान श्रीमती दिया कुमारी ने राजस्थान के 21 जिलों की जीवनदाई रेखा साबित होने वाली 'पूर्वी राजस्थान कैनाल परियोजना' को जल्द ही मूर्त रूप देने के सभी आयामों को विस्तार से केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने राजस्थान में संचालित 'जल जीवन मिशन' की प्रगति और और इस मिशन को अधिक मजबूती देने तथा जल्द ही इसके लक्ष्यों को हासिल करने के लिए राजस्थान सरकार के प्रयासों के बारे में जानकारी देते हुए केंद्र सरकार से और अधिक सहयोग की मांग रखी।

श्रीमती दिया कुमारी ने बताया कि हमने केंद्रीय मंत्री के समक्ष




राजस्थान में लंबित '3 प्रमुख रेल परियोजनाओं' को जल्द ही मूर्त रूप देने के विषय को भी रखा ताकि रेल सुविधाओं से वंचित राजस्थान के दूरस्थ इलाकों में विकास की धारा को पहुंचाया जा सके। प्रदेश में नए राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और उनके सुदृढ़ीकरण को लेकर भी केंद्रीय मंत्री से बैठक के दौरान चर्चा की गई। श्रीमती दिया कुमारी ने बताया कि क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के साथ-साथ राजस्थान में बड़े शहरों को दूरस्थ इलाकों के गांवों और ढाणियों से जोड़ने के लिए सड़कों का सुदृढ़ जाल होना बहुत जरूरी है ताकि राज्य के सभी हिस्सों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। श्रीमती दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में कृषि, उद्योग के साथ साथ प्रदेश की आधारभूत संरचना के विकास में पर्याप्त ऊर्जा की सुलभ उपलब्धता बहुत अहम स्थान रखती है, इसलिए राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्रीय सहयोग आवश्यक है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से राजस्थान में संचालित ऊर्जा कंपनियों के लिए विशेष सहयोग दिए जाने की मांग रखी ताकि ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान सभी संभावित संभावनाओं का बेहतर ढंग से दोहन करते हुए विकास को आगे बढ़ा सके।

बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी द्वारा राजस्थान की तरफ से रखे गए सभी पक्षों को केंद्रीय मंत्री ने गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार राजस्थान की सभी मांगों पर सकारात्मक कदम उठाएगी।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा और सचिव देवाशीष पुष्टि भी मौजूद रहे।

## नेट थिएट पर उप शास्त्रीय संध्या

# लगन बिन जाने न निर मोही

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। जयपुर ' नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रंखला में आज युवा उप शास्त्रीय कलाकार सुनील सैनी ने राग बागेश्वरी में बलमा मोरी तोर संग लागली प्रीत,घर आंगना कछु नाही भावे को द्रुत लय में बड़े सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर दर्शकों की दाद पाई '

नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार सुनील ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश



वंदना रख लाज मोरी गणपति से की । इन्होंने अपने गायन मे जिनको नहीं है बोध तो गुरु ज्ञान क्या करें, निज रूप को जाना नहीं पुराण क्या करें को द्रुत लय में प्रस्तुत कर अपनी गायकी का परिचय दिया '

इसके बाद एक लगन बिन जाने न निर मोही,बिना लग्न की प्रीत बावरे ओस नीर जसू धोई सुना कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया '

इनके साथ तबले पर शकील खान और हारमोनियम पर शेर अली खान ने अपनी संगत से कार्यक्रम को परवान चढ़ाया '

कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी, संगीत विनोद सागर गढ़वाल और मंच सज्जा जीवितेश शर्मा और अंकित शर्मा नोनू की रही '

### उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात



**चमकता राजस्थान। जयपुर, 22 जून।** राजस्थान की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने शनिवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर उन्हें रेल मंत्रालय का दायित्व मिलने पर बधाई दी।

मुलाकात के दौरान उपमुख्यमंत्री ने बड़ी सादड़ी नीमच ब्रॉडगेज रेल परियोजना का कार्य शुरू होने व रेलवे ट्रैक के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण होने पर उनका आभार व्यक्त किया, इस दौरान मारवाड़ मावली रेल लाइन प्रोजेक्ट पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

# अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत के लिए 'प्रथम पूजा' की

**श्रीनगर/एजेंसी।**

हिंदुओं के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक अमरनाथ गुफा में शनिवार को 'प्रथम पूजा' की गई। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अध्यक्ष तथा जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, आज वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा के औपचारिक शुभारंभ के अवसर पर प्रथम पूजा की गई। बाबा अमरनाथ जी का आशीर्वाद लिया और सभी लोगों के अच्छे स्वास्थ्य, प्रगति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

उन्होंने कहा कि कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर की पवित्र तीर्थयात्रा हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक रही है क्योंकि स्थानीय मुसलमान यात्रियों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में मदद करते हैं। एक अन्य बयान में, उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर की प्राचीन परंपरा रही है कि सभी समुदायों के लोग इस यात्रा में भाग लेते हैं, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। मैं सभी नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे देश और विदेश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले तीर्थयात्रियों का स्वागत और सेवा करने के लिए एक साथ आएं।

यात्रियों के लिए एसएएसबी द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं पर बात करते हुए उपराज्यपाल ने कहा, श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड और संबंधित विभागों के अधिकारी तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव उपाय कर रहे हैं कि यात्रा सुचारू, सुरक्षित और परेशानी मुक्त हो। हमने श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इस साल यात्रा 29 जून से शुरू होगी। यह यात्रा 52 दिन तक चलेगी और 19 अगस्त को रक्षाबंधन तथा श्रावणी पूर्णिमा के साथ समाप्त होगी। हर साल लाखों लोग यहां दर्शन करने आते हैं।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929